खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

happy holi

लखनऊ, बुधवार 4 मार्च 2026 लखनऊ संस्करणः वर्ष 17 अंक 118 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी

पेज 2



अलाना किंग, स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में टॉप पर

खेल टाइम्स



प्राइवेट हॉस्पिटलः खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

सम्पादकीय



अभी पूरी ताकत से हमला नहीं कियाः ट्रम्प

पेज 2


# पश्चिम एशिया में बिगड़ रहे हालात पर भारत ने जताई गहरी चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो

- निकट पड़ोसी होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से उसके महत्वपूर्ण हित जुड़े हुए
- बातचीत से जल्द समाधान पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में स्थिति के निरंतर बिगड़ने और बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने के मद्देनजर भारत ने सभी संबद्ध पक्षों से बातचीत और कूटनीति से समस्या का जल्द समाधान निकालने का एक बार फिर आह्वान किया है।

भारत ने कहा है कि निकट पड़ोसी होने के नाते क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से उसके महत्वपूर्ण हित जुड़े हुए हैं, इस वजह से भी वहां का घटनाक्रम बड़ी चिंता का विषय है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को ताजा स्थिति पर वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशियाई देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों की मौजूदगी और उस क्षेत्र से भारत के आर्थिक हितों के जुड़े होने से इन हालातों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। वक्तव्य में कहा गया है कि हाल के दिनों में इस संघर्ष में तेजी आई है और इसका अन्य देशों तक विस्तार हुआ है। इससे विनाश और जनहानि बढ़ी है तथा सामान्य जीवन और आर्थिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। भारत का मानना है कि क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में महत्वपूर्ण हित रखने वाले निकटवर्ती पड़ोसी के रूप में ये घटनाक्रम गहरी चिंता उत्पन्न करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इस पृष्ठभूमि में भारत समस्या के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का अपना आह्वान दृढ़ता से दोहराता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति के पक्ष में स्पष्ट रूप से अपनी आवाज उठाते हैं।



## पीएम मोदी ने ओमान पर हमले की निंदा की

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग का मंगलवार को चौथा दिन था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय वापस आ रहे हैं। दुबई और अबूधाबी से मंगलवार शाम तक सात फ्लाइट से 2100 से ज्यादा भारतीय लौट चुके हैं।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है। पीएम ने मंगलवार को ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात वहां हुए हमलों की निंदा की। एयरस्पेस बंद होने के कारण मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गईं। इनमें दिल्ली से 80+, मुंबई से 107, बेंगलुरु से 42 और चेन्नई से 30 उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो आज जेद्दाह से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल उड़ानें भी चला रहा है।

## 14वां रोज़ा

### जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है रोज़ा



माशाअल्लाह! माहे-मुबारक रमज़ान का कारवां अब चौदहवें रोज़े तक आ पहुंचा है। रोज़ेदार के लिए वैसे तो हर रोज़ा खुशियों का खजाना है। मगफिरत के इस अशरे में चौदहवां रोज़ा जन्नत के दरवाज़े पर सब्र की दस्तक है। अमूमन 'मझला रोज़ा' भी शुमार किया जाता है। इस की अपनी फजीलत और अज़मत है। शरई जिसमें हर किसी की बुराई, बदगुमानी, बेईमानी, बेहयाई, ईमान का निशान और इंसानियत की पहचान है। चौदहवें रोज़े तक आते-आते रोज़ेदार सब्र का आदी हो जाता है। इसलिए रोज़ा रोज़ेदार के लिए जन्नत का फरियादी हो जाता है। हदीस की रोशनी में भी रोज़ा जन्नत के दरवाजे पर सब्र की दस्तक है।

# रियाद में अमेरिकी एंबेसी पर हमला

## आग लगी, ईरान के ड्रोन हमले के बाद अमेरिकी एंबेसी बंद

रियाद, वार्ता



- ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा
- ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद किया
- कहा: जो जहाज वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर हमला होगा

**ईरान द्वारा सऊदी अरब के** रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर मंगलवार सुबह ड्रोन से हमला किया गया, जिसके कारण हल्की आग लगी, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है।

सऊदी गैजेट की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा कि शुरुआती अनुमान के मुताबिक, रियाद में अमेरिकी दूतावास को ड्रोन से लक्षित किया गया है। इस घटना में हल्की आग लगी और इमारत को मामूली नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि रियाद के साउथ में स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस के पास पांच ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा दो ड्रोन के जरिये पूर्वी प्रांत में रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर हमला करने की कोशिश की गई, लेकिन मार गिराए गए ड्रोन का मलबा गिरने से रिफाइनरी में हल्की आग लग गई। किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जल्द ही ड्रोन हमले का जवाब देगा। रियाद में अमेरिकी दूतावास ने रियाद और जेद्दा में अमेरिकी नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है कि वे दूतावास परिसर से दूर रहें और घर के अंदर ही रहें। वहीं रियाद में अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि उसने अपने मिशन पर ड्रोन हमले के बाद सेवाएं स्थगित कर दी हैं। इस ड्रोन हमले से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया गया है और ईरान ने चेतावनी दी है कि इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। इस जलमार्ग से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि मंगलवार को सभी नियमित और आपातकालीन अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए गए हैं और रियाद, जेद्दा तथा धाहरान में उसके मिशन पर घर में ही सुरक्षित रहें के उपाय लागू थे। बयान में कहा गया कि दूतावास पर हमले के कारण अगली सूचना तक इन स्थानों पर जाने से बचें। हम सभी अमेरिकी-नागरिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा योजना बनाए रखने की सलाह देते हैं।

## IRGC का दावाः हमने 650 अमेरिकी सैनिक मार गिराए

- ईरानी हमलों के चलते विमानवाहक पोत भी हटा पीछे

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की जमीन इन दिनों बारूद की गंध से भरी है। इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का मंगलवार को चौथा दिन था। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है।

पूरा क्षेत्र युद्ध जैसे हालात से गुजर रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसके 'ट्रू प्रामिस 4' अभियान के पहले दो दिनों में 650 से अधिक अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नइनी ने कहा कि ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों में खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और नौसैनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया। नइनी के अनुसार, बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय पर कई बार हमले किए गए। उन्होंने दावा किया कि एक हमले में 160 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए। साथ ही अमेरिकी नौसेना के एक कॉम्बैट सपोर्ट जहाज को भी भारी नुकसान पहुंचा। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि ईरानी नौसेना ने चाबहार तट से 250 से 300 किलोमीटर दूर तैनात यूएसएस अब्राहम लिंकन पर चार क्रूज मिसाइल दागीं, जिसके बाद विमानवाहक पोत को पीछे हटना पड़ा। अमेरिकी पक्ष की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# खामेनेई की हत्या पर भारत की चुप्पी से हैरानीः सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहाः यह न्यूट्रल रहना नहीं, जिम्मेदारी से पीछे हटना
- यह पीएम की ईरान पर हमले की अनदेखी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं। दिल्ली की चुप्पी हैरान करने वाली है, यह तटस्थता (न्यूट्रल) नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है।

मंगलवार को एक अखबार में प्रकाशित आर्टिकल में उन्होंने लिखा कि 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। जब दो देशों की डिप्लोमैट लेवल की बातचीत चल रही हो, तब एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में गंभीर दरार को दिखाती है। सोनिया गांधी ने लिखा कि भारत सरकार ने न तो हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी।

## रंगोत्सव



होली/दुल्हैंडी के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

एस.एन. राना - सम्पादक

## अवकाश सूचना

दुल्हैंडी (होली) के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## दुबई से 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की उड़ान

**नई दिल्ली।** दुबई में फंसे 149 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 916डी मंगलवार की सुबह 10:58 पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें कुल 157 लोग सवार थे जिसमें 149 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य शामिल हैं। पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली आने वाली मंगलवार को यह पहली उड़ान थी।






















## संक्षिप्त समाचार

### आंगलांग अदरक पहली बार पहुंची लंदन के बाजार में

**नई दिल्ली।** असम की विशिष्ट भौगोलिक पहचान (जीआई) प्रमाणित कर्बी आंगलांग की अदरक का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में शुरू हो गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जीआई टैग वाली कर्बी आंगलांग की 1.2 टन की पहली खेप लंदन निर्यात की गई है। गोयल ने इसे देश के कृषि निर्यात के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने और वोकल फॉर लोकल को लोकल टू ग्लोबल बनाने (स्थानीय माल को देश में प्रचारित करने और उसे विश्व बजार तक पहुंचाने) के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एजेंसी एपीडा के सतत प्रयासों से पूर्वोत्तर भारत के उत्पादों को नई पहचान और किसानों को उनके परिश्रम का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

### कान्हा की नगरी में होली की धूम, युवा रंगों में सराबोर

**मथुरा।** ब्रजमंडल में होली का रंगोत्सव हर्षोल्लास के साथ खेला गया। मंगलवार को चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक डोला बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ निकाला गया। इस दौरान लोगों ने डीजे पर डांस किया, पिछले कई दशकों से चतुर्वेदी समाज के लोग डोला निकालकर होली का आनंद लेते हैं। तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने बताया कि होली का रंग ब्रज में अनोखा है और होली मनाने के लिए देश और विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। मंगलवार को चतुर्वेदी समाज का पारंपरिक डोला शहर में निकाल गया। उन्होंने कहा कि चतुर्वेदी समाज के बहुत से लोग विदेश में फंसे हुए हैं, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि युद्ध खत्म हो।

## अमेरिका-इजरायल का साथ दिया, तो माना जाएगा युद्ध की कार्रवाई

# ईरान ने यूरोपीय देशों को दी कड़ी चेतावनी

तेहरान, वार्ता



■ ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को पहुंचा नुकसान, सैटेलाइट तस्वीरों से उपजी चिंता, आईएईए ने पुष्टि की

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने यूरोपीय देशों को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान ने साफ कहा है कि अगर यूरोप ने अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में किसी भी रूप में भाग लिया, तो इसे ईरान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में हमले और जवाबी कार्रवाई लगातार बढ़ रही है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बकाई ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि 'डिफेंसिव एक्शन' के नाम पर भी अगर कोई देश अमेरिका-इजरायल अभियान में शामिल होता है, तो उसे आक्रामकता माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। यह प्रतिक्रिया जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। ईरान ने इसे सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होने की तैयारी बताया है। जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ने स्पष्ट किया है कि वे सीधे युद्ध में शामिल नहीं हैं। हालांकि उन्होंने यह संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा सकती है। यूरोपीय संघ ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। ब्रिटेन ने अमेरिकी बलों को अपने बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। वहीं फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा है कि यदि सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उनकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। फ्रांस ने बताया कि प्रभावित देशों में लगभग चार लाख फ्रांसीसी नागरिक मौजूद हैं। हालात बिगड़ने पर उन्हें वाणिज्यिक और सैन्य उड़ानों के जरिए निकाला जा सकता है। इसी बीच क्षेत्र में हमलों का सिलसिला जारी है और रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमले से तनाव और बढ़ गया है। ईरान का कहना है कि वह किसी भी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोप की संभावित भूमिका को लेकर आने वाले दिनों में हालात और स्पष्ट हो सकते हैं।

### वैश्विक गैस बाजारों में भारी उछाल

**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा संरचनाओं पर हुए सिलसिलेवार ड्रोन हमलों के बाद वैश्विक गैस बाजारों में भारी उथल-पुथल देखी गई है। ओमान के डुक्म बंदरगाह स्थित एक तेल भंडारण सुविधा को यूएवी द्धड्रोनऋ हमले में नुकसान पहुंचा है। सरकारी समाचार एजेंसी ओमान न्यूज एजेंसी द्धओएनएऋ ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से बताया कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और भंडारण टैंक को हुआ नुकसान नियंत्रण में है। इस बीच, कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी कतर एनर्जी ने ईरान पर आरोपित ड्रोन हमलों के बाद तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीऋ का उत्पादन अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। कंपनी ने कहा कि रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी और मेसईद इंडस्ट्रियल सिटी स्थित उसकी परिचालन इकाइयों को निशाना बनाए जाने के बाद एलएनजी और संबद्ध उत्पादों का उत्पादन रोक दिया गया है। डच और ब्रिटिश थोक गैस कीमतों में करीब 50 प्रतिशत तक उछाल आया, जबकि एशियाई एलएनजी बेंचमार्क कीमतों में लगभग 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया, हमारी सबसे बड़ी सेना

वॉशिंगटन/तेहरान।



■ ईरान के साथ चार हफ्ते तक चलेगा युद्ध

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमे. रिकी सुरक्षा बल ईरान को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन सैन्य अभियान का सबसे तीव्र चरण अभी शुरू होना बाकी है।

ट्रम्प ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कार्रवाई 'बहुत प्रभावी' है और अमेरिका अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि शुरुआती हमलों में अमेरिका ने राजनीतिक और सैन्य हस्तियां सहित 49 ईरानी नेताओं को समाप्त कर दिया है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अगला चरण शीघ्र आने वाला है। उन्होंने इसे षबिग वेवष करार देते हुए कहा, ष्हमने अभी तक उन्हें पूरी ताकत से नहीं मारा है। बड़ी कार्रवाई अभी बाकी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईरान द्वारा बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अरब देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले 'सबसे बड़ा आश्चर्य' रहे। ट्रम्प ने संघर्ष की अवधि पर कहा कि वह इसे लंबा नहीं देखना चाहते और उनका अनुमान था कि यह लगभग चार सप्ताह तक चलेगा। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इजरायल के साथ समन्वय में किए गए पूर्वव्यापी हमलों का उद्देश्य ईरानी खतरे को निष्क्रिय करना और अमेरिकी बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि अमेरिका को आशंका थी कि यदि इजरायल कार्रवाई करता तो ईरान अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला करता, इसलिए पहले प्रहार किया गया। रूबियो ने कहा कि अभियान का मुख्य ध्यान ईरान की कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता और उसकी नौसेना से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है। अमेरिकी सेना ने इस संघर्ष में छह अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि की है, जबकि ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के अनुसार ईरान में 500 से अधिक लोग मारे गए हैं। अमेरिका में इस कार्रवाई पर राजनीतिक मतभेद स्पष्ट हैं। रिपब्लिकन नेताओं ने ट्रम्प के कदम का समर्थन किया है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक श्यूमर ने इसे 'चयनित युद्ध' बताते हुए प्रशासन के बयानों को अपर्याप्त करार दिया।

## पृथ्वी संरक्षण को मिलकर काम करने की जरूरत

नई दिल्ली, वार्ता



■ वन्य जीवों का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी: यादव

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वन्यजीवों के संरक्षण को पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि पृथ्वी का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए सबको मिलकर निरंतर काम करने की जरूरत है।

यादव ने विश्व वन्यजीव दिवस पर मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस दिवस को पृथ्वी की अद्‌भुत जैव विविधता का उत्सव बताया और कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण न केवल पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी भी है, जिसके लिए सभी के लगातार प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी समृद्ध पारिस्थितिकी को खतरे में डालने वाले सभी खतरों के प्रति सचेत है, इसलिए वह न केवल अपने पास मौजूद संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए महत्वपूर्ण प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस हर साल तीन मार्च को वन्य जीवों और पौधों के पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस मौके पर हर साल लोगों और ग्रह के लिए वन्यजीवों की अनूठी भूमिकाओं और योगदानों की पहचान की जाती है।

## कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो: केजरीवाल

### 'फांसी घर' मामले में समन पर आप संयोजक की मांग

नई दिल्ली, वार्ता



दिल्ली विधानसभा में कथित फांसी घर मामले में जारी समान पर अरविंद केजरीवाल 6 मार्च को विधानसभा की प्रिविलेज कमेटी के सामने पेश होंगे। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें समिति को पत्र लिखा है। इसमें दिल्ली के पूर्व सीएम लिखते हैं कि दिल्ली प्रदूषण से जूझ रही है, सड़कें टूटी पड़ी हैं, हर तरफ कूड़े के ढेर हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं।

अरविंद केजरीवाल इसी पोस्ट में आगे लिखते हैं कि दिल्ली विधानसभा ने फांसी घर पर प्रश्न पूछने के लिए मुझे बुलाया है। मैंने विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है कि उनके समन के अनुसार मैं 6 मार्च को उपस्थित रहूंगा। पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए समिति से मेरी विनती है कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाए। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में विशेषाधिकार समिति से कहा कि असेंबली के रूल्स ऑफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस के रूल 172 और 220 के तहत जारी समन मुझे मिला है। इस नोटिस के अनुसार मैं 6 मार्च को दोपहर 3 बजे बताई गई जगह पर कमिटी ऑफ प्रिविलेज के सामने पेश होऊंगा। उन्होंने कहा कि मेरे पेश होने से मेरे कानूनी और संवैधानिक अधिकारों, उपायों, आपत्तियों और दलीलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जो सभी साफ तौर पर रिजर्व हैं। ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक अकाउंटेबिलिटी के हित में मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि इस मामले में कमेटी की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम किया जाए।

**क्या है फांसी घर विवाद?**

मामला अगस्त 2020 का है। आम आदमी पार्टी सरकार ने विधानसभा परिसर में एक स्ट्रक्चर को ब्रिटिश काल का फांसी घर बताते हुए उद्‌घाटन किया था। हालांकि इसे लेकर बीजेपी का कहना है कि यह फांसी घर नहीं, बल्कि पुराना टिफिन रूम था। इसे गलत तरीके से फांसी घर बताया गया और जनता को गलत जानक. ारी दी गई। बीजेपी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी पर एक और गंभीर आरोप लगाया। बीजेपी ने कहा कि तब की आम आदमी पार्टी सरकार ने इसके रेनोवेशन पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। इसकी जांच के लिए विशेषाधिक. ार समिति बनी है।

### उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में जल्द पूरा होगा स्मार्ट सिटी का काम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए एक अच्छी बात यह है कि स्मार्ट सिटी स्कीम के तहत शुरू होने वाले 99 प्रतिशत प्रोजेक्ट्स शुरू हो गए हैं। 15 मार्च की डेडलाइन का पीछा करते हुए, शहरी विकास विभाग के किए गए नए रिव्यू में पाया गया कि शहरी निवासियों के जीवन को आसान बनाने के लिए मंजूर किए गए कुल 682 प्रोजेक्ट्स में से 677 पूरे हो गए हैं। बाकी पांच प्रोजेक्ट्स में से तीन का उद्‌घाटन एक हफ्ते के अंदर हो सकता है, जबकि बाकी भी 14 मार्च तक चालू हो जाएंगे। इस स्कीम में, यूपी में नगर निगमों द्वारा चलाए जाने वाले 10 शहरों को शामिल किया गया था। आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी को इस स्कीम के तहत शामिल किया गया था।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 81287.19
**निफ्टी** 25178.65



**सोना** 164170
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 315000
प्रति किलो



## पॉलिसी सपोर्ट और इन्वेस्टमेंट से एग्री-इनोवेशन का हब बनेगा उप्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ किसानों को क्रेडिट सुविधा व डिजीटल सुविधा दे रहे हैं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि राज्य में 156 रजिस्टर्ड एग्री स्टार्टअप एक्टिव हैं, जो किसानों को क्रेडिट फैसिलिटी, एडवाइजरी सर्विस और डिजिटल सॉल्यूशन दे रहे हैं। योगी सरकार के इन पहलों ने खेती को ज्यादा प्रॉफिटेबल और सस्टेनेबल बनाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक खेती को ट्रेडिशनल फ्रेमवर्क से आगे बढ़ाने और इसे टेक्नोलॉजी-ड्रिवन मॉडल के साथ इंटीग्रेट करने पर जोर दिया है। स्टार्टअप के जिरए, किसानों को समय पर क्रेडिट, फसल मैनेजमेंट सलाह और डायरेक्ट मार्केट लिकेज मिल रहे हैं। इससे छोटे और मार्जिनल किसानों की ट्रेडिशनल साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है और ट्रांसपेरेंट फाइनेंशियल सर्विस तक पहुंच पक्की हुई है। बयान में बताया गया है कि एग्रीकल्चर एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डिजिटल प्लेटफॉर्म बेस्ड सर्विसेज ने गांव के इलाकों में जानकारी को और आसान बना दिया है। मौसम का अनुमान, फसल चुनने में गाइडेंस और बीज और फर्टिलाइजर से जुड़ी सलाह अब मोबाइल एप्लीकेशन और कॉल सेंटर के जिरए मिल रही है। बयान के मुताबिक इससे प्रोडक्शन कॉस्ट कम करने और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने की संभावना बढ़ गई है। राज्य सरकार का मानना है कि टेक्नोलॉजी-बेस्ड दखल से एग्रीकल्चर सेक्टर को लंबे समय तक स्टेबिलिटी मिलेगी। स्टार्टअप पॉलिसी, इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के जिरए, सरकार युवाओं को एग्रीकल्चर एंटरप्रेन्योरशिप अपनाने के लिए बढ़ावा दे रही है। इससे गांव के इलाकों में सेल्फ- एम्प्लॉयमेंट के मौके बढ़े हैं और एग्रीकल्चर को एक मॉडर्न बिजनेस के तौर पर स्थापित करने की कोशिशें आगे बढ़ी हैं।

## सोना और चांदी के दाम में लगे पंख

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में फिलहाल पंख लग गए है। मंगलवार के दिन भी सर्राफा बाजार खुलते ही सोने और चांदी के दामों में तेजी देखी गई है। सोने की कीमतों में फिलहाल सबसे ज्यादा उछाल देखा जा रहा है। सोना लगातार चार दिनों से महंगा हो रहा है। 24 कैरेट सोना 1,64,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बिका है।

कल यह कीमत 1,63,960 रुपए थी। यानि दामों में 210 रुपए का इजाफा हुआ है। 3 मार्च के दिन 1 किलो चांदी की कीमत 315000 रुपए है। चांदी के दामों में लगातार बदलाव दिख रहा है। सर्राफा बाजार में कीमत बढ़ी है। चांदी के दाम आने वाले दिनों में और बढ़ सकते हैं। सोने और चांदी कीमतों में फिलहाल दो तरह का असर दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईरान-इजराइल जंग का असर सोना और चांदी पर है। वहीं दूसरी तरफ शादियों का सीजन होने की वजह से भी सोने और चांदी कीमतों में बदलाव दिख रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पिछले कुछ सेशंस में तेजी के बाद इनवेस्टर्स अब मुनाफावसूली कर रहे हैं, जिससे चांदी में नरमी देखने को मिल रही है। हालांकि जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ रहा है। इससे सोने और चांदी की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। उधर डॉलर में मजबूती आई है, जिसका असर सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा है। डॉलर में मजबूती आने पर सोने और चांदी की चमक फीकी पड़ती है, जबकि डॉलर में कमजोरी आने पर कीमती मेटल्स की चमक बढ़ जाती है।

## योगी सरकार ने तोड़ा रिकॉर्ड 62.30 लाख मी. टन धान खरीदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ किसानों को 133370 करोड़ का भुगतान किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खरीफ मार्केटिंग सीजन 2025-26 के लिए धान खरीद का प्रोसेस पूरा हो गया है। अधिकारियों का दावा है कि किसान हितैषी योगी सरकार ने खरीद टारगेट को काफी ज्यादा पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

अधिकारियों के अनुसार 60 लाख मीट्रिक टन के तय टारगेट के मुकाबले सरकार ने 62.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा। बदले में, किसानों को करीब 15,000 करोड़ का पेमेंट किया गया है। उत्तर प्रदेश में खरीद का प्रोसेस 28 फरवरी को खत्म हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे राज्य में 4,869 खरीद सेंटर के जिरए 10.53 लाख किसानों से 62.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया। खरीद रेट कॉमन ग्रेड के लिए 2,369 प्रति क्विटल और ग्रेड। धान के लिए 2,389 प्रति क्विटल था। किसानों को कुल 14,886.35 करोड़ का पेमेंट ट्रांसफर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर, 48 घंटे के अंदर डीबीटी के जिरए सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में पेमेंट किया गया। इस सिस्टम से बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई और किसानों को समय पर पेमेंट मिला। सरकार का दावा है कि कुल 12,82,892 किसानों ने अपना धान बेचने के लिए रजिस्टर किया। फूड एंड सिविल सप्लाइज डिपार्टमेंट के मुताबिक धान बेचने के लिए ओटीपी-बेस्ड सिगल रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू किया गया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के डिवीजन और हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जैसे जिलों में 31 जनवरी तक खरीद जारी रही। वहीं चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज डिवीजन के साथ-साथ लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव जिलों में 28 फरवरी तक खरीद जारी रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर

नई दिल्ली, वार्ता

**भारतीय दूतावास के आपातकालीन संपर्क नंबर**


कुवैत- +965-65501946
ओमान- +968-98282270, 80071234 (टोल फ्री)
सऊदी अरब- 00-966-11-4884697, 00-966-542126748, 8002471234 (टोल फ्री, केवल व्हाट्सएप)
बहरीन- 00973-39418071
संयुक्त अरब अमीरात-800-46342 (टोल फ्री) +971543090571

■ भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में हैं

अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर कई खाड़ी देशों पर पड़ रहा है। कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में हालात प्रभावित हुए हैं। इन देशों में लाखों भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं। जिनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि वह इस कठिन समय में प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। जरूरतमंद लोग संबंधित देशों में भारतीय दूतावास द्वारा जारी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा आईएमए के सदस्य सहायता के लिए ऑनरेरी फाइनेंस सेक्रेट्री डा. पीयूष जैन से भी संपर्क कर सकते हैं। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर फिलहाल भारतीय नागरिकों पर भी साफ दिखने लगा है। भारत के लगभग 96 लाख नागरिक पश्चिम एशिया में रहते हैं, जो जारी सैन्य टकराव के चलते किसी न किसी रूप में प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में छात्र, यात्री और खाड़ी देशों में काम करने वाले माइग्रेंट्स शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए सबसे ज्यादा छात्रों की हालत खराब है, वो हर समय दहशत में जी रहे हैं। भारत में उनके परिजन भी इसी बात से परेशान हैं। इनमें से करीब 40 लाख भारतीय यूएई में ही बसे हुए हैं। भारतीय बड़ी संख्या में सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत जैसे देशों में भी काम करते हैं। मौजूदा संकट के चलते इन देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि भारत सरकार इन देशों के अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने भारतीयों को भरोसा दिलाया है कि हालात बेहतर होते ही उन्हें वहां से निकाल लिया जाएगा।

## अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई गलत: उमर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अमे. रिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के शीर्ष नेता की हत्या करना उचित नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने सवाल उठाया कि अगर अमेरिका और इजराइल की यह कार्रवाई सही मानी जाती है, तो फिर रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ की गई कार्रवाई को भी सही ठहराया जाएगा? और अगर भविष्य में भारत भी इसी तरह का कदम उठाए, तो क्या उसे भी जायज कहा जाएगा?

सीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विवादों का समाधान सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि बातचीत और कूटनीति से होना चाहिए। विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को लेकर उन्होंने बताया कि कई छात्र, जिनमें मेडिकल के विद्यार्थी भी शामिल हैं, वहां मौजूद हैं। सरकार उनके संपर्क में है और उनकी सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएम ने बताया कि छात्रों के परिजनों से भी लगातार बात. चीत की जा रही है। परिजनों से कहा गया है कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार उनके बच्चों को लाने की पूरी कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार को भी इस पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है। कश्मीर में मौजूदा हालात पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कुछ लोग माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों को शांति बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए, ताकि घाटी में अमन-चैन कायम रहे।

## उप्र में होलिका दहन संपन्न आज उड़ेगा अबीर-गुलाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में होलिका दहन मंगलवार सुबह तक संपन्न हो गया, जबकि रंग बुधवार को खेला जाएगा। होलिका दहन कुछ स्थानो पर सोमवार मध्य रात्रि के बाद हुआ जबकि कुछ एक जगह पर मंगलवार भोर चार बजे होली में आग लगाई गई।

चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण कुछ स्थानो पर आज शाम छह बजे के बाद होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। हालांकि रंगों की बौछार और अबीर गुलाल की मस्ती बुधवार को होगी। इस साल का पहला चंद्र ग्रहण आज लगा, इसलिए ग्रहण के कारण होली से जुड़े काम रोक दिए गए हैं। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखा, ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहा, जिसका सूतक काल आज भोर छह बजकर 20 मिनट पर शुरू हो गया। ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं दिया, क्योंकि यह चांद निकलने से पहले समाप्त हो गया। ज्योतिषी एसएस नागपाल ने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण का अंत भारत के सुदूर पूर्वी हिस्सों में दिखाई दिया। देश के बाकी हिस्सों में, केवल आंशिक चंद्र ग्रहण का अंत दिखाई दिया। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महा. सागर और अमेरिका में दिखाई देगा।

### होली पर डीजीपी राजीव कृष्ण की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंग, उमंग और आपसी विश्वास का यह पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला उत्सव है, जो आपसी सौहार्द और सद्‌भाव को मजबूत करता है। डीजीपी ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों के सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी लोग अपने परिवार और प्रियजनों के साथ सुरक्षित वातावरण में होली मना सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें।

# युद्ध के बीच शालीनता से मनाएं होली, मिडिल ईस्ट में फंसे करोड़ों भारतीयः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफई ( इटावा )।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देशवासियों से रंगों का पर्व होली सादगी और शालीनता के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण करोड़ों भारतीय प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित हैं और अनेक परिवार अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

ऐसे समय में उत्सव मनाते हुए संवेदनशीलता और संयम जरूरी है। मंगलवार को अपने पैतृक गांव सैंफई सपा प्रमुख ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हालात चिंताजनक हैं। बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक खाड़ी देशों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। युद्ध जैसी स्थिति में वहां रह रहे भारतीयों और उनके परिवारों की चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव और



प्रेम का संदेश देता है, इसलिए इसे मर्यादा और गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। चंद्र ग्रहण के कारण सपा प्रमुख मंगलवार को निर्धारित समय पर मंच पर नहीं पहुंचे, हालांकि उन्होंने पार्टी कार्यालय के भीतर मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। समाजवादी संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव के नेतृत्व में आए रंगमंचीय कलाकारों ने उनके समक्ष फाग और पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए। कलाकारों की प्रस्तुतियों से पार्टी कार्यालय का वातावरण उत्सवी बना रहा। समाजवादी पार्टी की सैफई ब्लॉक के अध्यक्ष संतोष शाक्य ने बताया कि मंगलवार को चंद्र ग्रहण के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव होली महोत्सव कार्यक्रम को आयोजित नहीं करवा रहे हैं। बुधवार को सैफई के समाजवादी पार्टी कार्यालय होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। होली महोत्सव फूलों के साथ खेला जाएगा। होली महोत्सव के सिलसिले में तैयारियां बड़े पैमाने पर पूरी कर ली गई है। सैफई की होली पिछले करीब तीन दशकों से अपनी अलग पहचान रखती है। एक समय कपड़ा फाड़ होली को लेकर यह आयोजन चर्चा में रहता था, लेकिन विवाद बढ़ने पर इसके स्वरूप में बदलाव किया गया। अखिलेश यादव ने परंपरा को बदलते हुए फूलों की होली की शुरुआत कराई। इसके बाद से सैफई में सौहार्दपूर्ण वातावरण में फूलों से होली खेलने की परंपरा स्थापित हो गई। आज सैफई की फूलों की होली प्रदेश ही नहीं, देशभर में चर्चित है। फूलों की होली में मुलायम परिवार के राजनीतिक और गैर राजनीतिक सदस्य एक साथ शामिल होते हैं। मंच पर परिवार के वरिष्ठ सदस्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ फूलों की वर्षा के बीच होली खेलते हैं। साथ ही फाग गायन की परंपरा भी बड़े पैमाने पर निभाई जाती है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फाग गायक ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की संगत पर पारंपरिक फाग प्रस्तुत करते हैं। होली पर्व को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में विशाल मंच तैयार किया गया है। मंच के पीछे होली की शुभकामनाओं वाले पोस्टर लगाए गए हैं।

# पौधारोपण स्थल पर मवेशियों के विचरण के वायरल वीडियो से अधिकारियों में बेचैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी नगर निगम द्वारा एक मार्च को डोमरी के सूजाबाद क्षेत्र में एक घंटे में दो लाख 51 हजार 446 पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकाड्र्स में नाम दर्ज कराने के बाद पौधारोपण स्थल पर मवेशियों (भैंसों) के घूमने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

नगर निगम प्रशासन ने डोमरी क्षेत्र में मियावाकी तकनीक से विकसित किए जा रहे वन को लेकर फैलाई जा रही कथित भ्रामक खबरों और नकारात्मक प्रचार पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की चेतावनी दी है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि डोमरी की सरकारी भूमि पर लंबे समय से भू-माफियाओं की नजर थी और कुछ लोग वहां अवैध प्लाटिंग की फिराक में थे। नगर निगम द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद वही तत्व सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 'ऑक्सीजन क्लब' के रूप में विकसित हो रहे इस वन को नुकसान पहुंचाने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मियावाकी तकनीक एक स्थापित वैज्ञानिक पद्धति है और वर्तमान पतझड़ के मौसम में पौधों का पुराने पत्ते गिराकर नई कोपलें निकालना स्वाभाविक प्रक्रिया है। नगर निगम के अनुसार परियोजना एक अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसे तीन वर्षों तक वन के विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पौधों की सुरक्षा के लिए स्थल पर पांच सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी सरकारी पौधे को उखाड़ना, मिट्टी फेंकना या जानबूझकर मवेशियों के माध्यम से नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की है।

# कोविड में माता पिता को खो चुके बच्चों संग डीएम ने मनाई होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** होली की पूर्व संध्या पर कानपुर में जिलाधिकारी आवास का दृश्य विशेष रूप से भावुक और आत्मीय रहा। यहां कोविड-19 महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के साथ रंगों का पर्व मनाया गया। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना से जुड़े बच्चों को आमंत्रित कर उनके साथ होली की खुशियां साझा की गईं। जिले में इस योजना से 22 बच्चे लाभान्वित हैं।

इनमें से 10 बच्चे अपने परिजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि शेष 12 बच्चों के घरों पर पिचकारी, रंग, नए वस्त्र और मिठाई सहित उपहार भिजवाए गए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रश्मि सिंह ने बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वे बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद करते नजर आए। किसी से पढ़ाई के विषय पूछे गए, तो किसी से भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। एक बच्चे ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, जबकि दूसरे ने इंजीनियर बनने का लक्ष्य बताया। जिलाधिकारी ने उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी लेते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, मार्गदर्शन अथवा अन्य किसी भी आवश्यकता में प्रशासन पूरी जिम्मेदारी के साथ इन बच्चों के साथ खड़ा रहेगा और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में औपचारिकता की बजाय आत्मीयता का माहौल रहा। रंगों के बीच बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। जिन बच्चों ने असमय अभिभावकों को खोया, उनके लिए यह आयोजन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भरोसे और सहारे का प्रतीक बनकर उभरा। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर भी जिला प्रशासन ने इन्हीं बच्चों के साथ त्योहार मनाया था। त्योहारों के माध्यम से निरंतर संवाद प्रशासन की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि संरक्षण केवल योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार में भी परिलक्षित होता है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि पर्व को शांति, संयम और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार तभी सार्थक है, जब इसकी खुशियां समाज के हर उस बच्चे तक पहुंचें, जिसे सहारे की आवश्यकता है।

## पुराणों में चंद्र ग्रहण एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक क्षण

**भदोही।** हिदू धर्म और पौराणिक मान्यताओं में चंद्र ग्रहण को केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक एवं धार्मिक क्षण माना गया है। सनातन परंपरा में राहु और केतु द्वारा सूर्य या चंद्रमा को ग्रसने की घटना को अशुभ संकेत के रूप में देखा जाता है। पौराणिक ग्रंथों, विशेषकर मत्स्य पुराण में वर्णित कथा के अनुसार समुद्र मंथन से निकले अमृत के वितरण के समय भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत पिलाया। इस दौरान असुर स्वरभानु देवताओं के बीच बैठकर अमृतपान करने लगा। सूर्य और चंद्रमा ने उसकी पहचान कर ली और विष्णु को सूचित किया। इसके बाद विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उसका मस्तक अलग कर दिया। अमृतपान कर लेने के कारण वह अमर हो गया। ज्योतिषाचार्य पंडित मिथिलेश उपाध्याय के अनुसार उसका सिर 'राहु' और धड़ 'केतु' कहलाया।

# संवेदनाओं के रंगों से सजी होली, रोटरी प्रयागराज प्लेटिनम ने 50 दिव्यांग बच्चों संग मनाया उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सामाजिक दायित्व और मानवीय सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने राजकीय ममता विद्यालय, कौड़िहार में 50 विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ होली का पर्व मनाया। यह विद्यालय विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए स्थापित एक राजकीय संस्थान है, जहां उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को होली हैम्पर्स वितरित किए गए, जिनमें रंग, पिचकारी, गुब्बारे, गुजिया सहित अन्य होली सामग्री एवं विशेष भोजन के डिब्बे शामिल थे। रोटेरियन्स ने बच्चों के साथ रंग खेलकर, संवाद कर और उपहार वितरित कर प्रेम, सौहार्द एवं अपनत्व का संदेश दिया। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान और उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रतीक पांडेय ने बताया कि रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम इस विद्यालय का नियमित रूप से भ्रमण करेगा तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुंचाना रोटरी का मूल उद्देश्य है। रोटेरियन अजय शर्मा ने कहा कि इन विशेष बच्चों के साथ होली मनाने का अनुभव अत्यंत भावुक और संतोषप्रद रहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेवा पहल आगे भी प्रत्येक वर्ष निरंतर जारी रहेगी। क्लब के सचिव संजय तलवार ने इस आयोजन की सफल व्यवस्था के लिए रोटेरियन उमंग टंडन के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी रोटेरियन मनीष गर्ग ने विद्यालय प्रशासन से बच्चों की आवश्यकताओं की विस्तृत सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि क्लब उनकी जरूरतों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर सके। इस अवसर पर रोटेरियन अपूर्व, जय कुमार, उमंग टंडन, सिकंदर अली सहित अन्य रोटेरियन सदस्य भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि राजकीय ममता विद्यालय, कौड़िहार में प्रशिक्षित शिक्षक एवं सहयोगी स्टाफ बच्चों के शैक्षिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें सुरक्षित एवं स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं। यह विद्यालय बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# नेपाल में चुनाव के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा को किया गया सील


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महराजगंज।** पड़ोसी देश नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा को 72 घंटे पहले सील कर दिया गया है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से यह एहतियाती कदम उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की बाहरी गतिविधि या अवांछित तत्वों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

महराजगंज जिले की नेपाल से सटी करीब 84 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से कड़ा कर दिया गया है। दो मार्च की रात 12 बजे से सीमा पर आम नागरिकों के आवागमन को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को सघन जांच के बाद ही आने-जाने की अनुमति दी जा रही है। सोनौली बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद नजर आईं। नौतनवा के एसडीएम नवीन कुमार ने बताया कि नेपाल चुनाव के दृष्टिगत सीमा को पूरी तरह सील कर दिया गया है और पब्लिक मूवमेंट पर रोक लगा दी गई है। केवल इमरजेंसी सेवाएं ही संचालित रहेंगी। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं और बॉर्डर पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जिरए हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एसएसबी 22वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट सी- विवेक ने स्पष्ट किया कि सोमवार रात 12 बजे से गुरुवार रात 12 बजे तक सीमा पूरी तरह बंद रहेगी। रूपंदेही जिला के एसपी जनक बहादुर शाही ने बताया कि नेपाल में होने वाले चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। चुनाव प्रक्रिया पांच मार्च को संपन्न होने के बाद रात 12 बजे से सीमा पर आवागमन फिर से सामान्य कर दिया जाएगा। प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीमा सील होने से जहां सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं, वहीं आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है, ताकि नेपाल में होने वाला चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। पांच मार्च को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत 72 घंटा पहले भारत- नेपाल सीमा को सील किया गया।

## आजमगढ़ में स्कार्पियो की टक्कर से ठेले वाले की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में सोमवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में 'सेक्टर मजिस्ट्रेट' लिखी एक स्कॉर्पियो ने घर लौट रहे छोले विक्रेता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना का वीडियो पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस के अनुसार जीयनपुर कोतवाली अंतर्गत अजमतगढ़ चौक के समीप गोगा साव तिराहे पर हरेंद्र सोनकर ठेले पर छोले बेचकर घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य बताया गया है। सीसीटीवी फुटेज में वाहन की तेज रफ्तार और टक्कर की पूरी घटना स्पष्ट दिखाई दे रही है। पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो चालक भरत सिंह (निवासी भटौली इब्राहिमपुर) अपने परिवार के साथ मैहर मंदिर से मुंडन संस्कार कर लौट रहा था। वाहन पर 'सेक्टर मजिस्ट्रेट' का बोर्ड लगा पाया गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच और सरकारी सहायता का आश्वासन दिया।




## शंकराचार्य को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है: कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की संभावित गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने के बाद प्रतापगढ़ से कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी पहुंचकर उनसे मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख शिवगढ़ विवेक त्रिपाठी तथा अधिवक्ता प्रीतम शुक्ल के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल वाराणसी के केदारनाथ घाट स्थित श्रीमठ पहुंचा, जहां उन्होंने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से भेंट की।



# रोज़गार सहायकों के घर फीकी रहेगी होली

## आठ माह से नहीं मिला मानदेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की बैठक मंगलवार को रामलीला मैदान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुबेर सैनी ने की, जबकि संचालन ब्लॉक अध्यक्ष चीनू सागर ने किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अमित सिंह समेत बड़ी संख्या में रोजगार सहायक मौजूद रहे।

रोजगार सहायकों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा उनसे बिना मानदेय भुगतान के कार्य कराया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक करीब आठ महीने से मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में रोजगार सहायकों को बच्चों की स्कूल फीस जमा करने और परिवार का पालन-पोषण करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि होली जैसे बड़े त्योहार पर भी घरों में आर्थिक तंगी बनी हुई है। ब्लॉक अध्यक्ष चीनू सागर ने कहा कि जल्द से जल्द आठ माह का बकाया मानदेय दिया जाए,

**■ होली के बाद कार्य बहिष्कार की चेतावनी**

अन्यथा होली के बाद कार्य बहिष्कार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष कुबेर सैनी ने बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा दिया है, लेकिन रोजगार सहायकों के मानदेय में अब तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। रोजगार सहायकों ने सरकार से मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। उनका कहना है कि मौजूदा 7788 रुपये में महंगाई के इस दौर में परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। बैठक में नाजिर हुसैन, कृपाराम, एवन कुमार, इकबाल, मोहित त्यागी, इसरार, विनोद कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# चंदग्रहण के चलते बंद रहे मन्दिरों के कपाट

## ग्रहण की समाप्ति के बाद ही खुले द्वार, तभी हो सके श्रद्धालुओं के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चंद्रग्रहण के चलते नगर के मंदिरों के कपाट बंद रहे। ग्रहण समाप्त होने के बाद ही द्वार खुले, तब जाकर ही श्रद्धालुओं को दर्शन हो सके।

**■ तीन घंटे 27 मिनट रही ग्रहण की अवधि**

बता दें कि शास्त्रों के अनुसार चंद्रग्रहण के समय देव विग्रहों को स्पर्श करने या उनका पूजन करने का विधान नहीं है। ऐसे में चंद्रग्रहण के पूर्व ही सभी मंदिरों के गर्भगृह के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। यह बात अलग है कि बड़े मंदिरों के परिसर में श्रद्धालु कहीं बैठकर मानसिक जप-तप, यज्ञ-हवन आदि कर सकते हैं। मंगलवार को अपरान्ह में करीब साढ़े तीन बजे से ग्रहण प्रारंभ हुआ जो कि लगभग साढ़े तीन घंटे की अवधि का रहा। इस




साढ़े तीन घंटे की अवधि में नगर के इंदिरा चौक स्थित श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर, नाईपुरा स्थित श्री राम मंदिर, चौपला व स्टेशन बुधबाजार स्थित शिव मंदिर, मायापुरी में स्थित प्राचीन चामुण्डा मंदिर सहित नगर के सभी प्रमुख मंदिरों पर कपाट बंद रहे। श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर के पुजारी हरप्रकाश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को लगभग साढ़े तीन घंटे की अवधि का चन्द्रग्रहण रहा। इस कारण शास्त्रों के नियमों के अनुसार चंद्रग्रहण के दौरान मंदिर के कपाट बंद रखे गए।

# हादसे में घायल राजमिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उझारी।** हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गड़ी होली चौक निवासी ओमप्रकाश उर्फ पप्पू (40) पेशे से राजमिस्त्री था और हरियाणा के पानीपत में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह काम खत्म कर घर लौट रहा था। बताया जाता है कि बस जैसे ही गजरौला चौपला पर रुकी, ओमप्रकाश पानी पीने के लिए नीचे उतरा। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला में



भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे चौधरपुर स्थित जीवन 24 अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ओमप्रकाश चार भाइयों में सबसे बड़ा था। वह अपने पीछे पत्नी मुनेश दो बेटे तथा चार बेटियां को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिवार के मुखिया की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पूर्व विधायक ने दी होली की बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व विधायक हरपाल सिंह के विजयनगर स्थित आवास पर होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया, हालांकि मुख्य पर्व बुधवार को ही मनेगा। कई स्थानों से आए लोगों ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह को रंग

**■ रंग लगाने के लिए क्षेत्र से पहुंचे लोग**

गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार एक दूसरे से प्रेम और मेलजोल बढ़ाने वाला पर्व है। इस



दिन लोग एक दूसरे से रंग लगाकर मैत्री और स्नेह का परिचय देते हैं। इस मौके पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, विपिन सागर, प्रमोद कुमार, डॉ. राजीव शुक्ल, पियूष चौधरी, योगेश चौधरी, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर छात्रा व मां को पीटा

## छेड़छाड़ का विरोध पड़ा भारी, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इंटर की छात्रा को रास्ते में परेशान करने वाला युवक परिजनों के साथ घर में घुस आया, छात्रा व उसकी मां पर हमला कर मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। छात्रा की तहरीर पर आरोपी युवक उसके भाई व दो बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। शहर के एक कॉलेज में पढ़ने वाली इंटर की छात्रा का आरोप है कि मोहल्ले मे रहने बिलाल उसे परेशान करता है आए दिन रस्ते में उसे रोककर अमर्यादित व्यवहार करता है। उसकी हरकतों से परेशान छात्रा ने कुछ दिन पहले उसकी शिकायत भी की थी। आरोप है कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे छात्रा अपनी मां के साथ घर में मौजूद थी। उसी दौरान बिलाल अपने भाई सलमान, बहन नाजिया व अलीशा के साथ घर में घुस आया। छात्रा और उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया गया। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग घरों से निकल आए। आरोपी खुद को घिरता देख जान से मारने की धमकी देते वहां से फरार गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया के मामले में आरोपी बिलाल, सलमान, नाजिया व अलीशा के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# किसानों ने फूंका औद्योगिक इकाईयों का पुतला

## होली व रंग एकादशी मनाने का भी किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय संयुक्त मोर्चा के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की इकाईयों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के विरूद्ध धरना प्रदर्शन के क्रम में किसानों ने कहा कि जब तक गजरौला-नाईपुरा क्षेत्र को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित नहीं किया जाता तब तक किसान होली व रंग एकादशी सहित कोई भी त्यौहार नहीं मनाएंगे। इस दौरान किसानों ने कारखानों का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव शहबाज डोर में चल रहे धरने में सम्मिलित महिलाओं ने कहा कि गजरौला-नाईपुरा क्षेत्र में रासायनिक कारखानों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट ने भूजल को साइलेंट किलर बना दिया है। दूषित पानी के कारण स्थानीय निवासियों की सेहत बिगड़ रही है, असाध्य बीमारियां



फैल रही हैं, फसलें बर्बाद हो रही हैं और दुधारू पशु प्रभावित हो रहे हैं। इस पर्यावरणीय आपदा के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शहबाजपुर डोर पर किसान पिछले 73 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। इस मौके पर भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी, प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू व प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, धर्मपाल सिंह खड़गवंशी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडलाध्यक्ष एहसान अली, सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, चौधरी चरण सिंह, कैलाशो, विमला, मुन्नी, तेजपाल आदि मौजूद रहे।

# नौ प्रतिशत ब्याज से करें क्लेम का भुगतान

## उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को दिये आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीमा कंपनी को अब नौ प्रतिशत ब्याज से 20 लाख रुपये अदा करने होंगे। इतना ही नहीं उपभोक्ता फोरम ने मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के अलावा वाद व्यय के रूप में 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव कैसरा निवासी रूप सिंह के बेटे भोले ने अपनी एक बीमा पॉलिसी ली थी। जिसकी बीमित धनराशि 20 लाख रुपये थी जबकि भाई टिंकू को पॉलिसी में नामिनी बनाया था। पॉलिसी का प्रीमियम 7620 रुपये था। इसी बीच 6 अगस्त 2023 को सीने में दर्द की शिकायत के बाद भोले की अचानक मौत हो जाती है। इसके बाद टिंकू ने नियमानुसार क्लेम के लिए बीमा कपंनी में आवेदन किया। लेकिन 30 अक्तूबर 2023 को बीमा अधिकारियों ने उनका दावा निरस्त कर दिया। तर्क रखा कि भोले ने पॉलिसी करते समय कुछ जानकारी छिपाई थी लिहाजा प्रीमियम राशि वापस करते हुए पॉलिसी को निरस्त कर दिया गया था। वहीं, टिंकू का कहना था कि पॉलिसी लेते समय सभी तथ्य सही बताए गए थे। कोई जानकारी नहीं छिपाई थी। मामले में

टिंकू ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। सुनवाई शुरू करते हुए अध्यक्ष रमा शंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब कर लिया।दोनों पक्षों के तर्क सुनते हुए पत्रावली का बारीकी से अवलोकन किया। फोरम ने माना कि पॉलिसी धारक भोले की मौत छह अगस्त 2023 को हुई थी जबकि बीमा पॉलिसी निरस्त करने का पत्र 30 अक्तूबर 2023 को जारी किया गया। आयोग ने यह भी देखा कि कंपनी ने पॉलिसी निरस्त के आधारों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया था। आयोग ने इसे गंभीर अनियमितता माना। साथ ही अपना फैसला सुनाया कि क्लेम आवेदन प्राप्त होने के बाद बिना ठोस कारण पॉलिसी निरस्त करना सरासर गलत है। लिहाजा, आयोग ने बीमा कंपनी को क्लेम के 20 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज समेत देने का आदेश दिया। साथ ही मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के 15 हजार तथा वाद व्यय के रूप 10 हजार, कुल 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# विवाद में युवक को गोली मारकर घायल किया

## गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** नौकर को लेकर विवाद में युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। हमले में दाहिने कंधे में गोली लगने से गंभीर घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस घटना की जांच चल रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तहरीर

नहीं दी गई है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के गांव झनकपुरी निवासी किसान लोकेश के शुभम उर्फ गोलू का गांव के ही रहने वाले एक युवक से नौकर को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों के बीच पूर्व में भी इसे लेकर झगड़ा हो चुका है। मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे शुभम कहीं से गांव लौट रहा था। आरोप है कि झनकपुरी में ओवरब्रिज के पास खड़े मिले युवक ने उसे देखते ही सामने से फायर झोंक दिया। अचानक हुए हमले में शुभम जब तक कुछ समझ पाता गोली उसके दाहिने कंधे को चीरते हुए निकल गई, लहूलुहान होकर वह बाइक से गिर पड़ा, उसी दौरान आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजनों ने घायल शुभम को अस्पताल में भर्ती कराया, इससे पहले पुलिस ने मौके पहुंचकर घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जांच व अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## होली से पूर्व पुलिस ने निकाला गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता सैनगली।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से मनाने के उद्देश्य से थाना थानाध्यक्ष विकास कुमार ने थाने पर मौजूद समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ कस्बा सैदनगली में व्यापक पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस फोर्स ने कस्बे के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, गलियों एवं संवेदनशील स्थानों का गहन जायजा लिया। गश्त का मुख्य मकसद कानून-व्यवस्था बनाए रखना, किसी भी प्रकार की दुर्घटना या विवाद को रोकना तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करना था। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार होली के दृष्टिगत ऐसी पैदल गश्त एवं सतर्कता अभियान जारी रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने सभी से अपील की है कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और सद्भावना के साथ मनाएं तथा किसी भी असामाजिक तत्व को प्रोत्साहन न दें।

# खामेनेई की याद में निकाला कैंडिल मार्च

## सादात की महिलाओं ने पेश की खिराजे अकीदत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** मुहल्ला सादात मे शिया समुदाय की महिलाओं ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत के सिलसिले से कैण्डल मार्च निकालकर खिराजे अकीदत पेश किया।

मुहल्ला सादात के इमामबारगाह पीर जी से कैण्डल मार्च शुरू हुआ जो गुलशन मस्जिद, इमामबाड़ा फातिमा, हुसैनी चौक, होता हुआ इमामबारगाह पीर जी पर जाकर समाप्त हुआ। सादेका जेहरा ने बताया कि ईरानी सुप्रीम लीडर रहबरे मुअज्जम आयतुल्लाह सय्यद अली हुसैनी खामेनई ने जालिम ताकतवर मुल्क अमेरिका इसराईल के आगे कभी सर नही झुकाया, न वो कभी डरे, वो हक के रास्ते पर चले। उन्होंने इमाम हुसैन के बताए हुए रास्ते पर चलकर जुल्म का मुकाबला किया। खामनेई की शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता। शहीदों का खून कभी बेकार नही जाता। उनकी शहादत को सलाम, तुम एक खामेनेई मारोगे, हर घर से खामेनेई निकलेगा। ईरान जिन्दाबाद खामेनेई जिंदाबाद, अमेरिका-इसराईल मुर्दाबाद, बहुत जल्द अल्लाह इन सभी जालिमो को निसतोनाबूद कर देगा। इस कैंडल मार्च में भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## 'तोहफा-ए-रमजान' का इजरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अंजुमन तरक्की उर्दू की ओर से हाशमी हाउस पर एक रस्म-ए-इजरा व इस्तकबालिया तकरीब का इनकाद किया गया। तकरीब में हाल मुकीम जद्दा, सऊदी अरबिया जनाब बहजत कमाल नजमी शरीक हुए।

नायब सदर अंजुमन, डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने कहा कि रमजान इबादत, सब्र और हमदर्दी का महीना है। उन्होंने कहा कि उर्दू अदब और दीन-ओ-मिल्लत की खिदमत एक सदका-ए-जारीया है। बहजत कमाल नजमी के दस्त-ए-मुबारक से रमजान की खुसूसी दुआओं और वजाइफ पर मबनी हाशमी घराने के जरिए शाया कराई गई किताब "तोहफा-ए-रमजान" का रस्मेइजरा भी अमल में आया। इस मौके पर हकीम अलीम उद्दीन हाशमी, डॉ. अफसर परवेज, नन्नू खघन, सूफी मुश्ताक, खलीकुज्जमा एडवोकेट, आदि मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर के जामा मस्जिद मोहल्ले में जमीन के विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता नदीम बानो पत्नी फरमान ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके बहनोई अली मोहसिन पुत्र अली मोमिन निवासी मोहल्ला जामा उस पर लगातार जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहे थे।

पीड़िता के अनुसार, शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे तसकीन फातमा पत्नी अली मोहसिन, मिराज फातमा पत्नी नामालूम, मुस्कान फातमा व समरीन फातमा पुत्रीगण अली मोहसिन उसके घर आ धमकीं और गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर आरोप है कि सभी ने मिलकर लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर जब पीड़िता के पति फरमान बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट में नदीम बानो को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों से उसे व उसके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है और कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर मनाया होली पर्व

## गांव की वर्षों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब का दिखा अनूठा नजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों इस वर्ष 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के चलते होलिका दहन के समय को लेकर दुविधा बनी रही। कुछ स्थानों पर 2 मार्च के शाम को शुभ मुहूर्त निकालने के बाद होलिका दहन किया गया। अधिकांश स्थानों पर 4 मार्च को प्रात: होलिका दहन किया जाएगा।

नगर सहित क्षेत्र के कादराबाद, रसूलाबाद, चौहड़वाला, कासमपुर गढ़ी, सीरवासुचन्द, पक्खेवाला, उद्धोवाला, त्रिलोकपुर, सुआवाला, मौहम्मदपुर राजौरी भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला आदि गांवों में होली का पूजन के समय महिलाओं ने अपने परिवारों की सुख समृद्धि के लिए विधि विधान के अनुसार पूजन में पानी, दूध, चंदन, अक्षत, फूल, नारियल, घी, कपूर, कच्चा सूट, मौसमी फल, घर के बने सात पकवान का पूजन किया तथा दीप प्रज्वलित किए। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर नई फसल के गेहूं की बाली को भूनकर प्रसाद ग्रहण किया तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। 3 मार्च मंगलवार को सूर्य ग्रहण होने के कारण होलिका दहन को लेकर दुविधा बनी रही। अधिकांश स्थानों पर धर्म गुरुओं द्वारा 4 मार्च को प्रात: होली दहन के लिए शुभ मुहूर्त निकाला। जबकि क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला व मानियावाला में 2 मार्च सोमवार की रात्रि 8:30 बजे शुभ मुहूर्त के बाद विधि विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान के बाद होलिका दहन किया। इस मौके पर हिंदू समाज के साथ तरावीह नमाज पढ़ने के बाद लौटे मुस्लिम समाज के लोगों ने भी भाग लिया जो की ग्राम मानियावाला की आपसी भाईचारा और अखंडता की सदियों पुरानी परंपरा रही है। यहां गंगा जमुना तहजीब का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। इस मौके पर राजवीर सिंह चौहान, सुनील कुमार अग्रवाल, विपुल कुमार अग्रवाल, शेख मौहम्मद यूसुफ, मौहम्मद जुनेद, डॉ. शिवराम सिंह, ऋषभ चौहान, विनय अग्रवाल, शरीफ अहमद, गौरव अग्रवाल, सलामत उल्ला, राकेश सिंह, इसरार अहमद होटल वाले छोटे सिंह, नरेंद्र चौहान, नफीस अहमद, अरुण कुमार मेडिकल वाले, इमरान मेडिकल वाले आदि लोग मौजूद रहे।

# पान मसाला-गुटखा के दामों में उछाल

## बाजार से दिलबाग गायब, जमाखोरी की आशंका से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में इन दिनों पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के बाजार में असामान्य स्थिति बनी हुई है। खासतौर पर दिलबाग गुटखा के अचानक बाजार से लगभग गायब हो जाने तथा सिगरेट सहित अन्य ब्रांडों के दामों में बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं को चिंता में डाल दिया है।

नगर के मुख्य बाजार, मौहल्लों की दुकानों और आसपास के क्षेत्रों में जब जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि कई दुकानों पर दिलबाग गुटखा उपलब्ध नहीं है। कुछ दुकानदारों ने सप्लाई प्रभावित होने की बात कही, जबकि कुछ ने कंपनी स्तर से माल कम आने का हवाला दिया। वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं का कहना है कि जहां उत्पाद उपलब्ध हैं, वहां निर्धारित मूल्य एमआरपी से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राहकों के अनुसार कुछ उत्पादों पर 2 से 5 रुपये तक अधिक वसूली की जा रही है। हालांकि यह बढ़ोतरी आधिकारिक है या स्थानीय स्तर पर की जा रही है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। बाजार में यह भी चर्चा है कि सप्लाई में आई कमी का फायदा उठाकर कुछ स्तर पर माल रोक कर रखने यानी संभावित जमाखोरी की स्थिति बन रही हो सकती है। हालांकि किसी भी व्यापारी या व्यक्ति विशेष के खिलाफ कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन अचानक कमी और दामों में उछाल ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कई नियमित उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें मजबूरी में दूसरे ब्रांड लेने पड़ रहे हैं या अधिक दाम देकर सामान खरीदना पड़ रहा है। इससे रोजमर्रा खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। व्यापारियों का एक पक्ष यह भी कह रहा है कि परिवहन लागत टैक्स व्यवस्था या कंपनी की नई वितरण नीति के कारण सप्लाई प्रभावित हो सकती है, लेकिन आम जनता का मानना है कि यदि ऐसा है तो स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम की स्थिति खत्म हो सके।

# बेफिक्र होकर उपचार कराएं, सरकार देगी भरपूर सहायता: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने आए लोगों को आश्वस्त किया कि वे बेफिक्र होकर अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। सरकार उनको भरपूर आर्थिक सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है,

उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। होलिकोत्सव मनाने के लिए सोमवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ



मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों के पास जाकर, एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। समस्याओं के निस्तारण के लिए लोगों को आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं, ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने किडनी की बीमारी में धन की कमी आड़े आने की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। कार्ड न होना बताए जाने पर उन्होंने कहा कि चिंता मत करिए। इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक मदद मिलेगी। अन्य कई लोग भी गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी।

विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दी जाएगी। जनता दर्शन में कुछ परिजनों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को स्नेहिल आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दीं और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# तेंदुए ने किशोर को बनाया निवाला, गांव में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** रेलवे स्टेशन के पास तेंदुए ने किशोर को बनाया निवाला, गांव में दहशत लखीमपुर खीरी जिले में तेंदुए के हमले से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के खैरटिया गांव के पास की बताई जा रही है,

जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जसनगर गांव निवासी गुरुचरन सिंह का 14 वर्षीय पुत्र राज कमल बीते दिन घर से रेलवे स्टेशन की ओर घूमने के लिए निकला था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन से करीब 100 मीटर दूर राहगीरों ने एक किशोर का शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने शव की शिनाख्त राज कमल के रूप में कराई। प्रारंभिक जांच में तेंदुए के हमले की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का ही प्रयोग करें किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं: डीजीपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के द्वारा होली उत्सव के दौरान किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाने और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करने की अपील की है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, श्री राजीव ख्रष्ण द्वारा समस्त प्रदेशवासियों एवं उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार को होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित हुए सभी नागरिकों से अपील की है कि होली के उत्सव को सुरक्षित, मर्यादित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि होली उत्सव के दौरान प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का ही प्रयोग करें।



उन्होंने प्रदेश वतियों को हिदायत देते हुए कहा है कि किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाएं। होली उत्सव के दौरान यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें तथा संयम, जिम्मेदारी और आपसी सम्मान के साथ पर्व का आनंद लें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस आपके सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। आपकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गई है।

# होली पर सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर, आज रहेगी ओपीडी बन्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपीरू होली पर सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर, कल (आज)ओपीडी बंद रहेगी वही मेट्रो और बिजली को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। होली के लिए अस्पताल अलर्ट हो गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में 190 बेड आरक्षित किए गए हैं। इमरजेंसी में दवाओं की उपलब्धता के साथ ही डॉक्टरों की डडूटी भी तय की गई है।

बलरामपुर अस्पताल में 50 बेड आरक्षित हैं। सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि पर्याप्त दवाओं का इंतजाम भी किया गया है। इमरजेंसी में मरीजों की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लोकबंधु अस्पताल में 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि रोस्टर के हिसाब से डॉक्टरों की इमरजेंसी डडूटी लगाई गई है, जिसमें त्वचा, हढी, जनरल सर्जरी और मेडिसिन के डॉक्टरों की ऑन कॉल ड्यूटी लगाई गई है। बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में 30 बेड आरक्षित हैं। सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि मेडिसिन, जनरल सर्जरी, नेत्र व हढी रोग विशेषज्ञ की डडूटी लगाई गई है। ठाकुरगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में 10, सिविल अस्पताल में 30, केजीएमयू में 30 और लोहिया संस्थान में 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। इमरजेंसी होने पर मदद के लिए डायल करे 108 व 102 होली के दौरान 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। एंबुलेंस का संच. ालन करने वाली ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसिडेंट टीवीएसके रेढी ने बताया कि होली के दिन 108 एंबुलेंस चिह्नित स्थानों, दुर्घटना बहुल क्षेत्रों व थानों के पास मौजूद रहेगी। गर्भवती महिलाओं व दो साल तक बच्चों को भी सेवाएं दी जाएंगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2,200 और 102 सेवा की कुल 2,270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं।मदद के लिए इन नंबरों पर करें फोन नंबर जारी अस्पताललोक बंधु का नम्बर 0522-2421146सिविल 0522-4027511बलरामपुर 9118455570 ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल 9415001754केजीएमयू (ट्रॉमा सेंटर) 9453004209 लोहिया संस्थान 0522-6692000 जारी किए है।केजीएमयू राजधानी के सरकारी अस्पतालों में बुधवार को पूरी तरह से बंद रहेगी। सिर्फ इमरजेंसी में मरीजों को इलाज मिलेगा। वहीं, केजीएमयू में सामान्य दिनों की तरह ओपीडी चलेगी। लोहिया व पीजीआई में नए पंजीकरण नहीं होंगे। पहले से जिन मरीजों के ऑपरेशन व जांच की तारीख मिली है, उन्हें इलाज मुहैया कराया जाएगा।

केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को ओपीडी का संचालन सामान्य दिनों की तरह होगा। ऑपरेशन के साथ पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी की जांच भी होगी। मेडिकल की कक्षाएं बंद रहेंगी। बुधवार को अवकाश रहेगा। लोहिया संस्थान व पीजीआई में मंगलवार को पुराने मरीजों को ओपीडी में देखा जाएगा। पहले से तय ऑपरेशन व जांच भी होंगे। नए मरीज का पंजीकरण नहीं होगा। लोहिया के प्रवक्ता डॉ. भुवन चंद्र तिवारी ने बताया कि इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे संचालित होंगी। इसमें किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, राम सागर मिश्र, लोकबंधु, डफरिन, झलकारी बाई समेत दूसरे सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को हाफ डे ओपीडी होगी। अस्पतालों में बुधवार को अवकाश रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाओं का संचालन होगा। होली पर लगातार मिलेगी बिजली, नहीं होगी कटौती होली के मौके पर उपभोक्ताओं को लगातार बिजली मिले, इसके लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। हेल्पडेस्क भी बनाई है। जानकीपुरम क्षेत्रीय कार्यालय, पुरनिया उपकेंद्र में स्थापित नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की शि“टवार डडूटी लगाई गई है।

# लखनऊ में 'मेडिकल बैंक' शाखा का शुभारंभ

**निःशुल्क चिकित्सा उपकरण अब जरूरतमंदों तक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानव सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेडिकल बैंक की लखनऊ शाखा का भव्य उद्घाटन संस्थापक डॉ. बिंदु सिंह सम्मानित संरक्षकों एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में लखनऊ के शिरोज हैंगआउट में विधिवत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं शिक्षा संस्ख्रति उत्थान न्यास अवध प्रांत के संयोजक प्रमिल द्विवेदी ने कहा कि यह पहल उन जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी सि) होगी, जिन्हें महंगे चिकित्सा उपकरणों की आवश्यकता होती है,



परंतु संसाधनों के अभाव में वे उन्हें प्राप्त नहीं कर पाते।इस अवसर पर ए2जेड ब्रांड कम्युनिकेशन ग्रुप के अखिल खरे एवं निशा अग्रवाल तथा ऑल इंडिया वुमन डेवलपमेंट सोसाइटी की अध्यक्ष एवं शिक्षा संस्ख्रति उत्थान न्यास कानपुर की संयोजिका डॉ. बिंदु सिंह ने बताया कि मेडिकल बैंक आज समय की अत्यंत आवश्यक पहल है। अनेक घरों में व्हीलचेयर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, वॉकर, हॉस्पिटल बेड जैसे महंगे उपकरण उपयोग के बाद निष्क्रिय पड़े रहते हैं। मेडिकल बैंक ऐसे उपकरणों को संग्रहित कर पूरी तरह निःशुल्क जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य करेगा।लखनऊ में इस अभियान को सशक्त बनाने का दायित्व फिटनेस एक्टिविस्ट सुजाता पॉल जी, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रूबी राज सिन्हा जी, ैळच्ळ्प् की हेल्थ प्रोफेशनल एवं मिसेज यूनिवर्स नीमा पंत जी, मेकअप आर्टिस्ट प्राची श्रीवास्तव जी, टीम शेरोज हैंगआउट के नितिन जी एवं प्रमोद जी ने संभाला है। संरक्षक इंजीनियर एस. के. कमल सर की प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में समाज, शिक्षा, कला एवं मीडिया जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें शिव संस्ख्रति कला फाउंडेशन की मीठू रॉय जी एवं असीम रॉय जी, डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह (रीजनल निदेशक, इग्नू), डॉ. शैली महाजन (राम मनोहर लोहिया अस्पताल), फीमेल बैंड मेरी जिन्दगी की टीम, लुलु मॉल की मार्केटिंग प्रमुख प्रीति मैम, शिक्षा संस्ख्रति उत्थान न्यास अवध प्रांत के संयोजक प्रमिल द्विवेदी जी, आकाशवाणी की उद्घोषक कस्तूरी सिंह जी, टीम रेड ब्रिगेड, अमन जावेद फारुकी (24 इंडिया टाइम्स), संस्थापक सौरभ त्रिवेदी जी, अभय त्रिवेदी, ज्योतिष विशेषज्ञ अर्चना त्रिपाठी जी, पूनम मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# 156 एग्री स्टार्टअप्स से किसानों को मिल रही तकनीकी मदद, खेती में बढ़ रहा लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ख्रषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक और संस्थागत समर्थन से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। प्रदेश में 156 पंजीख्रत एग्री स्टार्टअप सक्रिय हैं, जो किसानों को क्रेडिट सुविधा, डिजिटल सलाह और बाजार से सीधा संपर्क उपलब्ध करा रहे हैं। इन पहलों को ल्वहप। कपजलंदंजी सरकार की कृषि सुधार रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

प्रदेश सरकार कृषि को परंपरागत ढांचे से निकालकर तकनीक आधारित मॉडल से जोड़ने पर जोर दे रही है। स्टार्टअप्स के माध्यम से किसानों को समय पर ऋण, फसल प्रबंधन संबंधी परामर्श और पारदर्शी वित्तीय सेवाएं मिल रही हैं।

इससे छोटे और सीमांत किसानों की निर्भरता पारंपरिक साहूकारी व्यवस्था पर कम हुई है। डिजिटल प्लेटफॉर्म से बदली खेती की तस्वीर बदल गई है।ख्रषि विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित सेवाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना की पहुंच आसान बनाई है। मौसम पूर्वानुमान, बीज चयन, उर्वरक सलाह और बाजार मूल्य की जानकारी अब मोबाइल एप और कॉल सेंटर के माध्यम से उपलब्ध है। इससे उत्पादन लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। युवाओं के लिए अवसर, गांवों में बढ़ा स्वरोजगार के अवसर बढ़ रहे है।राज्य की स्टार्टअप नीति, निवेश प्रोत्साहन और कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को ख्रषि उद्यमिता की ओर आकर्षित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं और ख्रषि को आधु. निक व्यवसाय के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठे हैं। सरकार का लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाने, कृषि जोखिम कम करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है।

# होली के मौके पर आज रहेगा यातायात रूट का डायवर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यातायात पुलिस के द्वारा होली पर रंग खेलने तथा विभिन्न स्थानों से निकाले जाने वाले जुलूसों के अवसर पर यातायात के सुगम संचालन के लिए प्रात: 9 बजे से समाप्ति तक घर में रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू रहेगी। यातायात पुलिस के द्वारा जारी रुट डायवर्जन प्लान के तहत कैसरबाग अशोकलाट चौराहे से सामान्य यातायात नजीराबाद चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात लाटूश रोड या कैसरबाग बस अढा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।

छतरी वाला चौराहा (सकरी सेन्टर) से सामान्य यातायात नजीराबाद चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात पोस्ट ऑफिस अमीनाबाद या श्री राम रोड होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। गुइन रोड चौराहे से सामान्य यातायात नजीराबाद चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात पोस्ट ऑफिस अमीनाबाद या कैसरबाग बस अढा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। ख्यालिगंज तिराहा से सामान्य यातायात नजीराबाद चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात कैसरबाग बस अढा गुइन रोड, पोस्ट ऑफिस अमीनाबाद या कैसरबाग अशोक लाट चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। श्री राम रोड तिराहा कोनेश्वर चौराहे से सामान्य यातायात चौक चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात घण्टाघर रूमीगेट चौकी चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।चौक चौराहे से सामान्य यातायात कोनेश्वर चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात रूमी गेट चौराहा घण्टाघर होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।जूलूस/शोभा यात्रा के दौरान सामान्य यातायात हेतु प्रदान डायवर्जन मार्ग पर यदि किसी जन-सामान्य की चिकित्सकीय अपरिहार्यता की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबन्धित मार्ग पर भी एम्बुलेन्स, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन इत्यादि को ट्रैफिक पुलिस/स्थानीय पुलिस द्वारा जूलूस/शोभा यात्रा के दौरान अनुमन्य रहेगा।

# आर्यश्री संस्था ने मलिन बस्ती के बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया वार्षिक खेल दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आर्यश्री शिक्षा समिति द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में मलिन बस्ती के बच्चो के साथ वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित नि:शुल्क शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र के लगभग 170 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना गीत से हुई। इसके पश्चात बच्चों की रोचक दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं,

जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा योग नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। ओ हो हो हो, धड़क-धड़क तथा मिशन सिंदूर जैसे गीतों पर बच्चों की मनमो. हक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे युवा देश है और आप सभी बच्चे




इस देश के भविष्य हैं, पढ़ाई के साथ खेलकूद भी आवश्यक है, इस प्रकार के आयोजन बच्चों में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के संबंध में संस्था की सचिव तुलिका धवन कपूर ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने शारी. रिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। विशेषकर योग से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं तथा तनाव कम होता है। बचपन से ही योग अपनाने से बच्चों में अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली की मजबूत नींव रखी जा सकती है। प्रतियोगिता के अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मंकी रेस में रघुवर प्रथम, युवराज द्वितीयऔर केसर तृतीय।बनी रेस में शुभम प्रथम,नाजिया द्वितीयऔर महक तृतीय रहे।बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर बच्चो की माताओं का भी सम्मान किया गया जिनमे महिमा पाल, दिव्यांशी, अर्पिता गुप्ता और अंजली गुप्ता को उपहार दे कर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथियों में माननीय न्यायमूर्ति वी.के. धवन, सृष्टि राठौर (पीसीएस), न्यायाधीश विकास सक्सेना एवं बाल आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल शामिल रहीं। कार्यक्रम में आर्यश्री संस्था के सभी स्टाफ सदस्य-शुभम, अजय, सतीश एवं प्रदीप उपस्थित रहे।

शिक्षिकाओं में शालिनी, ज्योति, नेहा, शीबा एवं चंद्रकला मौजूद रहीं। कार्यक्रम की कोरियोग्राफर मिस सपना भारती द्वारा की गई। आगरा से आर्याश्री टीम की ओर से लक्ष्मी, जुबैर एवं मनीष की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त डीएस सीएसआर सदस्यों में जावेद हुसैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# लखनऊ में सियासी रंगोत्सव, होली मिलन में जुटे दोनों डिप्टी सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित विभूति खंड में सोमवार शाम भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह द्वारा आयोजित होली मंगल मिलन समारोह राजनी. तिक, सामाजिक और सांस्ख्रतिक संगम का साक्षी बना। आईएमआरटी बिजनेस स्कूल ग्राउंड में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न धर्मों और वर्गों के हजारों लोग शामिल हुए। समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंत्री दयाशंकर सिंह, दानिश आजाद अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, मनीष रावत, अमरेश कुमार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, पवन सिंह चौहान, भाजपा नेत्री अपर्णा यादव, उद्योगपति नेटवर गोयल, सीएमओ एन बी सिंह सहित व्यापारी, धार्मिक व सामा. जिक संगठनों के प्रतिनिधि और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत से हुई। नीरज सिंह ने सभी विशिष्ट अतिथियों को गुलाल लगाकर और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद मंच पर कलाकारों द्वारा पारंपरिक होली गीत, फाग और भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिस पर उपस्थित लोग देर तक झूमते रहे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और नीरज सिंह सहित अन्य जनप्रति. निधियों ने फूलों की होली खेली। गुलाल और पुष्पवर्षा से पूरा परिसर रंगों से सराबोर हो गया। देर रात तक चले रंगोत्सव में लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। सर्वधर्म समभाव और सामाजिक एकता का संदेश समारोह की विशेषता रही कि इसमें सर्वधर्म समाज की भागीदारी देखने को मिली। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक मंच पर एकत्रित होकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते नजर आए। नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मतभेद मिटाकर प्रेम और एकता का प्रतीक है।

# होली के मौके पर पूरे दिन पानी की नहीं होगी किल्लत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** होली पर निर्बाध जलापूर्ति को लेकर जलकल विभाग ने तैयारियां पूरी कर लीं। होली के दिन पूरे शहर में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लान लागू किया गया।

होली पर्व के मौके पर नगर वासियों को किसी तरह की पानी की किल्लत न हो इसके लिए नगर निगम के जलकल विभाग ने पानी सप्लाई के पुख्ता इंतजाम किए हैं यह पानी की सप्लाई सुबह से ही शाम तक पूरे दिन जारी रहेगी के लिए नगर निगम ने अपना प्लान तैयार कर लिया है नगर निगम के तीनों जलकल प्लांट और सभी ओवरहेड टैंक पूरे दिन फुल क्षमता पर संचा. लित रहेंगे।

सुबह 5 से 9 बजे तक सभी जोनों में नलकूपों से सीधे पानी की सप्लाई दी जाएगी। होली के दौरान जल एवं सीवर समस्याओं के लिए अभियंताओं के मोबाइल 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। ागरिक किसी भी जलापूर्ति शिकायत के लिए कंट्रोल रूम पर तुरंत संपर्क कर सकेंगे।

होली के मद्देनजर नगर निगम ने नागरिकों से समय पर पानी संग्रह और समस्या होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

नगर निगम के द्वारा जो नंबर जारी किए गए हैं यदि कहीं पर भी पानी की कोई किल्लत होती है तो जनता सीधे फोन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं उसके तुरंत बाद उनकी समस्या का निदान करने की व्यवस्था की गई है जिसके लिए टीम में नगर निगम के द्वारा लगाई गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होली पर चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस तैनात

## बाजारों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स, पैदल मार्च से दिया सुरक्षा का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए जेवर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। दनकौर, जेवर और आसपास के प्रमुख बाजारों, चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। त्योहार को देखते हुए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। मुख्य मार्गों पर पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का संदेश दिया, जबकि प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

प्रशासन के अनुसार, असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। स्थानीय थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और पीसीआर वाहन लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी भ्रामक या भड़काऊ संदेश को तुरंत रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान जबरन रंग डालने, हुड़दंग करने, नशे की हालत में वाहन चलाने या शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

### कार पर शराब की बोतल फेंकने का आरोप

**नोएडा।** कार सवार युवक ने रास्ते में खड़े एक व्यक्ति पर शराब की बोतल फेंकने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अलीगढ़ के बसेरा गांव के रहने वाले सचिन पंडित ने जेवर कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। सचिन पंडित ने पुलिस को बताया कि वह 28 फरवरी को अपनी कार में सवार होकर किसी काम से जेवर कस्बे में अपने किसी परिचत से मिलने के लिए आया था। जब वह रजिस्ट्री ऑफिस के समीप पहुंचा तो मोड़ पर सामने खड़े एक व्यक्ति ने बिना वजह गाली-गलौज कर कार के ऊपर शराब की बोतल फेंक दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 75 हजार करोड़ तक निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य : गिरिराज सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर का वस्त्र उद्योग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नोएडा से 2030 तक 75 हजार करोड़ रुपये तक निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने बीते वर्ष सबसे अधिक निर्यात करने वालों को सम्मानित भी किया। नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के निर्यातक सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शामिल हुए। सेक्टर-18 के निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि फिलहाल 55 हजार करोड़ का वस्त्रों का निर्यात हो रहा है। इसे आने वाले वर्षों में 30 प्रतिशत तक बढ़ाना है।

वर्तमान में जिले में कुल चार हजार इकाइयां कार्यरत हैं। आने वाले समय में जेवर में बनने वाले अपैरल पार्क में 120 इकाइयां लगेंगी। यहां ढाई लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और निर्यात भी बढ़ेगा। उन्होंने इस मौके पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक निर्यात और बेहतर काम करने पर निर्यातक शशि नांगिया, विनोद कपूर, राम कुमार साहू को सम्मानित किया। जिले में तेजी से बढ़ते वस्त्र उद्योग की तारीफ की। क्लस्टर की पत्रिका सूत्रधार का विमोचन किया।

56 देशों के साथ समझौता केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में छह प्रकार का फाइबर उत्पादन शीघ्र बढ़ाया जाएगा। इससे उद्योगों में कच्चे माल की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में 22 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। कुल 56 देशों के साथ ऐसे समझौते हो चुके हैं।

अपैरल पार्क से निर्यात बढ़ेगा कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि जेवर में प्रस्तावित नोएडा अपैरल पार्क से रोजगार के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ेगा। जिले में 1,365 मेगावाट का पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, इससे भविष्य में उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

वैश्विक मेलों में निर्यातक शामिल होंगे इंडियन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने कहा कि 3 से 5 जून तक थाईलैंड में एशिया की प्रमुख टेक्सटाइल और अपैरल सोर्सिंग प्रदर्शनी होगी। इसमें शहर के निर्यातकों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे। इसके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। क्लस्टर ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मोरक्को और दुबई में होने वाले वैश्विक व्यापार मेलों में भी शामिल होगा।

### त्योहार पर घर जाने वालों की बसों में भीड़ रही

**नोएडा।** होली के त्योहार मनाने के लिए प्रवासियों के घर रवानगी का सिलसिला मंगलवार को जारी रहा। देर रात तक बसें फुल चलीं। रोडवेज बसों में भारी भीड़ लगी रही। नोएडा डिपो पर मंगलवार को दिनभर लोग बस पकड़ते नजर आए। कुछ घंटों का सफर होने के कारण ये प्रवासी एक दिन पहले घर रवाना हुए। इनमें बुलंदशहर, आगरा, अलीगढ़, एटा, मथुरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बृजघाट, रामपुर, संभल, कासगंज आदि जिलों के प्रवासी अधिक थे। आरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि देर रात तक बसों का संचालन जारी रहा। एक अनुमान के मुताबिक, होली से दो दिन पहले यानी सोमवार और मंगलवार को करीब 60 हजार से ज्यादा प्रवासियों ने रोडवेज बसों से यात्रा की। सोमवार को करीब तीस हजार यात्रियों ने विभिन्न रूट पर चलने वाली बसों में सफर किया था।

# जमीन विवाद में गोली चलाने का आरोपी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने जमीन विवाद से जुड़े एक फायरिंग मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। यह मामला करीब तीन महीने पहले दनकौर कोतवाली में दर्ज किया गया था। कासना कोतवाली क्षेत्र के डाढा गांव निवासी दिनेश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राजेश शर्मा नामक व्यक्ति ने उनसे जमीन दिलाने के एवज में 11 लाख रुपये लिए थे, लेकिन जमीन नहीं दिलाई। दिनेश के अनुसार, पिछले साल 29 नवंबर को राजेश शर्मा ने उन्हें झालडा गांव में जमीन के बदले दिए गए पैसे वापस करने के बहाने बुलाया था। आरोप है कि वहां राजेश शर्मा और उसके अन्य साथी पहले से घात लगाकर बैठे थे। दिनेश के पहुंचने पर आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला किया और उन्हें गाड़ी में डालने की कोशिश की। इस दौरान जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की गई, हालांकि गोली दिनेश को नहीं लगी। मारपीट में दिनेश घायल हो गए।

अन्य लोगों को आता देख आरोपी दिनेश को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। दिनेश की शिकायत पर पुलिस ने राजेश शर्मा, सुधीर उर्फ कदीरा, सुनील और चंद्रहास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में झालडा निवासी आरोपी कदीरा उर्फ सुधीर को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कदीरा कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### होली पर 'नो ड्रिंक': ड्राई-डे घोषित, दिनभर नहीं मिलेगी शराब

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** होली के त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए होली के दिन चार मार्च को ड्राइडे घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त मदिरा एवं आबकारी अनुज्ञापन पूर्णत: रहेंगे बंद रहेंगे। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार का कहना है कि समस्त देशी मदिरा, कंपोजिट शाप, भांग फुटकर बिक्री की दुकानें, प्रीमियम रिटेल एवं माडल शाप, बार-एफएल-6,एफएल-7/7(1)/एफएल-9, सैन्य कैंटीन,अर्द्ध सैनिक कैंटीन चार मार्च को संपूर्ण दिवस बंद रखने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### मॉल की पार्किंग से बिना शुल्क दिए भागा कार चालक गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-32 स्थित भूटानी मॉल की पार्किंग में शुल्क मांगने पर युवक कार से इलेक्ट्रानिक बैरियर तोड़कर भाग गया। इससे पार्किंग सुरक्षा में लगे उपकरण को भी नुकसान पहुंचा। सेक्टर-24 थाना पुलिस ने मॉल की सुरक्षा के प्रभारी की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरौला गांव में रहने वाले प्रशांत त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि वह भूटानी मॉल की सुरक्षा के प्रभारी हैं। रविवार शाम करीब सात बजे जारचा के फूलपुर गांव निवासी आकाश दिल्ली नंबर की कार लेकर पार्किंग से निकला। बैरियर के पास रुकने पर स्टाफ ने उससे पार्किंग शुल्क मांगा तो वह नाराज हो गया।
उसने स्टाफ से अभद्रता करते हुए मारपीट की। आरोपी धमकी देते हुए इलेक्ट्रॉनिक बैरियर को तोड़कर भाग गया। प्रशांत ने मामले के वीडियो और गवाह समेत शिकायत पुलिस को दी। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सिक्योरिटी प्रभारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर लिया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भूखंड पर कब्जे की कोशिश, पिस्टल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भूखंड पर कब्जा करने का प्रयास करने के आरोप में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज हुआ है। आरोपियों पर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस को दी शिकायत में प्रशांत सिंह चौहान ने बताया कि सेक्टर-135 में उनका भूखंड है। उसी क्षेत्र के रहने वाले दशरथ चौहान और तारा सिंह 27 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे उनके प्लॉट पर पहुंचे। दोनों ने उनके साथ गाली-गलौज की और पिस्टल दिखाकर डराया। आरोप है कि उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रशांत सिंह का कहना है कि आरोपियों ने उनसे कहा कि अगर उन्होंने भूखंड खाली नहीं किया तो उन्हें और उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी भूखंड पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। घटना के बाद पीड़ित और उनका परिवार काफी डरे हुए हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि सच्चाई सामने लाई जा सके।

### महिला पर छोड़ा डॉग, पिस्टल लेकर से दौड़ाने का लगाया आरोप, गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना फेज-3 में डॉग को टहलाने को लेकर दो पक्षों के विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पर डॉग छोड़ दिया। आरोप है कि आरोपी ने महिला के कपनटी पर पिस्टल रख उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसकी पहचान सुन्नी पुत्र रामवीर हुई है। पीड़ित मंजू ने बताया कि वो बसई गांव में रहती है। 1 मार्च को सुबह करीब पांच बजे वो अपने मकान से दूध लेने जा रही थी। इसी दौरान वो आशोक चौहान के बाजार के पास पहुंची। तो उसके मकान से एक लड़का बाहर आया और उसने अभद्र भाषा बोलने लगा। विरोध किया तो जान से मारने की नियत से हम पर डॉग छोड़ दिया। पीड़िता के साथ मौजूद दूसरी महिला सुनिता ने उनको बचाने का प्रयास किया। इस दौरान लड़के ने सुनिता का मुह दबाकर धमकी दी। किसी तरह वहां से हम दोनों जान बचाकर भागे तो आरोपी ने 100 मीटर तक पिस्टल लेकर उनका पीछा किया। पीड़िता ने डायल-112 पर फोन किया। मंगलवार को मिली शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज आरोपी को पकड़ लिया है।

# तेज रफ्तार में कार निकालने का विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर क्षेत्र के छातंगा खुर्द गांव में घर के सामने से तेज रफ्तार में कार निकालने का विरोध करने पर युवक से मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि परिवार के सदस्य उसे बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जेवर कोतवाली पुलिस के मुताबिक छातंगा खुर्द गांव में नीरज परिवार के साथ रहता है। नीरज ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात करीब 8:00 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी बीच आकाश घर के सामने से तेज रफ्तार में कार लेकर निकला।

नीरज ने आकाश से कार आराम से चलाने के लिए कहा। इसी बात पर आकाश गुस्से में आ गया। उसने फोन कर अपने तीन अन्य साथियों को बुला लिया। आकाश और उसके साथियों ने नीरज से गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। शोर सुनकर नीरज के परिवार के सदस्य बीचबचाव करने पहुंचे तो आरोपियों में उन्हें भी पीटा। आरोपियों ने महिलाओं से भी मारपीट की। गांव के लोगों को आता देखकर आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित नीरज की शिकायत पर आरोपी आकाश, विक्की, मोनू और बादल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को अगवा करने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** छलेरा गांव में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को बदायूं का युवक बहला फुसलाकर ले गया।

किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। उसने बेटी के साथ अनहोनी होने की भी आशंका जताई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह निजी विश्वविद्यालय में काम करती हैं। वह आठ फरवरी को काम पर गई थीं, तभी सुसैन यादव उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। महिला जब घर वापस आई तो बेटी उसे नहीं मिली। घटना के 22 दिन बाद महिला ने पुलिस से शिकायत की।

# नए आगरा में बोटिंग और वॉकवे की सुविधा होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नया आगरा पर्यटन और मनोरंजन का केंद्र बनेगा। यहां पर्यटकों को लुभाने के लिए बोटिंग और वॉकवे की सुविधा होगी। इसके लिए 823.7 हेक्टेयर में ग्रीन रिवर बफर जोन बनेगा। यहां कई प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूल और दुर्लभ पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने विगत बोर्ड बैठक में 14480 हेक्टेयर में नए आगरा को बसाने के लिए मास्टर प्लान 2041 प्रस्तुत किया था। मास्टर प्लान के अनुसार नए आगरा शहर तीन चरणों में विकसित होगा।

यह शहर-हरा भरा और मनोरंजन का हब बनेगा। यहां पर वेलनेस टूरिज्म (कल्याण पर्यटन) से जुड़ी गतिविधियां होंगी। योग, आयुर्वेदिक मसाज और उपचार से लोग शरीर और मन को स्वस्थ बना सकेंगे। इसके अलावा हस्तशिल्प कारीगरी से भी लोगों को रूबरू कराया जाएगा। लोग यहां मिट्टी के बर्तन, लकड़ी पर कारीगरी, कपड़ा रंगाई, बुनाई और पेंटिंग समेत स्थानीय कला और संस्कृति की झलक देख सकेंगे। शहर में बायोफिलिक वेलनेस सेंटर (जैव प्रेमी कल्याण केंद्र) भी बनाया जाएगा, जो पूरी तरह से प्राकृतिक होगा। नए शहर में 15 लाख लोगों के काम करने और रहने की व्यवस्था होगी।

खेल गांव और गोल्फ कोर्स भी बनेंगे मास्टर प्लान 2041 के तहत 100 हेक्टेयर में गोल्फ कोर्स और 100 हेक्टेयर में खेल गांव भी विकसित होगा। 40 हेक्टेयर में बायोडायवर्सिटी पार्क प्रस्तावित किया गया है। शहर में कुल 460 हेक्टेयर का क्षेत्रफल मनोरंजन और ग्रीन क्षेत्र के लिए आरक्षित किया गया है। यह कुल क्षेत्र का 3.08 फीसदी है। लग्जरी होटल और रिसोर्ट बनेंगे मास्टर प्लान में 405 हेक्टेयर में पर्यटन क्षेत्र को दो जोन में विकसित किया जाएगा।

इसमें लक्जरी, बजट होटल, रिसोर्ट, एग्जीबिशन एंड ट्रेड सेंटर, रिवरफ्रन्ट, थीम पार्क, वेलनेस सेंटर आदि रहेंगे। ग्रीन बेल्ट के लिए शहर स्तरीय दो और जिलास्तरीय चार पार्क बनेंगे। ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) के अंतर्गत होने के चलते यहां ऐसी कोई औद्योगिक गतिविधि नहीं होगी, ताकि ताजमहल की सुंदरता पर प्रभाव पड़े। आगरा परिक्षेत्र में 20 से कम प्रदूषण स्कोर वाले उद्योगों की स्थापना को ही वरीयता दी जाएगी।

# गल्फ कंट्री में जंग, नोएडा की इंडस्ट्री पर सीधा वार

**1200 करोड़ का कारोबार ठप, यार्ड और कंपनियों में डंप हो रहा माल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गल्फ कंट्री में चल रहे युद्ध का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। इसका सीधा झटका इंडस्ट्रियल हब नोएडा को लग रहा है। नोएडा से हर महीने करीब 1200 करोड़ रुपये का तैयार माल गल्फ देशों को निर्यात होता है, लेकिन शिपिंग रुकने और ऑर्डर होल्ड होने से कारोबार ठहराव की कगार पर पहुंच गया है।

उद्योग संगठनों के मुताबिक, लगभग 800 करोड़ रुपये का माल दो सप्ताह पहले भेजा गया था, जो अब पोर्ट पर फंसा हुआ है। शिपिंग लाइनें बंद होने और जहाजों की आवाजाही रुकने से कंटेनर डंपिंग यार्ड में खड़े हैं। फंसे हुए माल में पैकेज्ड फूड आइटम, गारमेंट्स, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी पार्ट्स शामिल हैं। कई उत्पाद समय-सीमा से जुड़े होते हैं खासकर फूड और फैशन से जुड़े सामान।

देरी बढ़ने पर न केवल गुणवत्ता पर असर पड़ेगा, बल्कि निर्यातकों को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कारोबारी सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि नोएडा से साउदी अरब, कुवैत, कतर, बहरीन, इराक और इरान बड़े पैमाने पर मॉल को निर्यात किया जाता है। यहां सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित है। ऐसे में जो मॉल निकल गया वो यार्ड में है और जो नहीं निकला वो कंपनियों में डंप किया गया है।

**कंपनियों को 'ऑर्डर होल्ड' मेल:** नोएडा की अधिकांश निर्यातक कंपनियों को गल्फ क्लाइंट्स की ओर से ऑर्डर होल्ड करने के मेल मिल चुके हैं। कई कंपनियों को यह भी संकेत दे दिया गया है कि फिलहाल नए ऑर्डर जारी नहीं किए जाएंगे। इसका मतलब साफ है आने वाले महीनों में उत्पादन घटेगा, कैश फ्लो पर दबाव बढ़ेगा और रोजगार पर भी असर पड़ सकता है।

**इंडस्ट्री में बढ़ी चिंता:** उद्योगपतियों का कहना है कि यदि स्थिति जल्दी सामान्य नहीं हुई तो छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। जिन कंपनियों ने कच्चा माल खरीदकर उत्पादन कर लिया है, उनके लिए स्टॉक होल्ड करना महंगा साबित होगा। बैंकों की ईएमआई, मजदूरी, बिजली बिल और लॉजिस्टिक्स लागत के बीच कारोबारियों के सामने संकट गहराता जा रहा है।

# स्कॉर्पियो-बलेनो की टक्कर

**अंगलत दिशा से आ रही थी, हादसे में भाई-बहन घायल, एयरबैग ने बचाई जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम एक सड़क दुर्घटना में भाई-बहन घायल हो गए। गौर यमुना सिटी के पास गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बलेनो कार को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि बलेनो के एयरबैग खुल गए, जिससे घायलों को गंभीर चोटें नहीं आईं।

यह घटना तब हुई जब रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र निवासी नदीम अपनी बहन हीना के साथ ग्रेटर नोएडा से अपने गांव लौट रहे थे। दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित गौर यमुना सिटी के नजदीक पहुंचने पर गलत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो सड़क किनारे बने नाले को पार कर सर्विस रोड पर जा पहुंची।

दुर्घटना में बलेनो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, कार के एयरबैग समय पर खुल जाने के कारण नदीम और हीना को गंभीर चोटें नहीं आईं। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

दनकौर पुलिस ने दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी चालक शराब के नशे में था। पुलिस ने उसकी गाड़ी से एक पेटी बीयर भी बरामद की है।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों के परिजनों की ओर से शिकायत मिलने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार पर शराब की बोतल फेंकने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** कार सवार युवक ने रास्ते में खड़े एक व्यक्ति पर शराब की बोतल फेंकने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अलीगढ़ के बसेरा गांव के रहने वाले सचिन पंडित ने जेवर कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। सचिन पंडित ने पुलिस को बताया कि वह 28 फरवरी को अपनी कार में सवार होकर किसी काम से जेवर कस्बे में अपने किसी परिचत से मिलने के लिए आया था। जब वह रजिस्ट्री ऑफिस के समीप पहुंचा तो मोड़ पर सामने खड़े एक व्यक्ति ने बिना वजह गाली-गलौज कर कार के ऊपर शराब की बोतल फेंक दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# नोएडा में अब तय जगह पर होगी डॉग फीडिंग

## 1200 स्थानों पर लगाए जाएंगे फीडिंग बोर्ड, एओए और आरडब्ल्यूए की भी होगी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में आवारा डॉग्स को लेकर चल रही खींचतान के बीच अब बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने शहरभर में डॉग फीडिंग पॉइंट के बोर्ड लगाने शुरू किए जाएंगे। इसका मकसद है कि डॉग्स को सिर्फ तय जगह पर ही खाना खिलाया जाए और कॉलोनियों में विवाद कम हों।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वह सेक्टर या सोसाइटी के आसपास डॉग्स को खाना खिलाने के लिए तय स्थान चिन्हित किए जाएं। सड़कों और सार्वजनिक जगहों पर फीडिंग न हो, चिन्हित स्थानों पर स्पष्ट साइनबोर्ड लगाए जाएं। कोर्ट ने कहा था कि बिना व्यवस्था के फीडिंग से लोगों को असुविधा, सुरक्षा और साफ-सफाई की समस्याएं बढ़ रही हैं।

इसलिए फीडिंग को नियमित और नियंत्रित करना जरूरी है। नोएडा प्राधिकरण ने इस आदेश को लागू करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम शुरू किया है। पहले फेज में कई सेक्टरों में बोर्ड लगाए जाएंगे। यह काम पब्लिक हेल्थ विभाग के जरिए किया जा रहा है। इस फेज में करीब 1.18 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ये काम काम 180 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यह पूरे शहर को कवर करने वाले बड़े प्रोजेक्ट का दूसरा टेंडर है। पहले भी एक टेंडर जारी किया जा चुका है।

**1200 फीडिंग पॉइंट बनाने की योजना:** सितंबर 2025 में प्राधिकरण ने करीब 1200 तय फीडिंग पॉइंट विकसित करने की योजना बनाई थी। जिस पर अनुमानित लागत करीब 2.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाने है। पूरे शहर में सर्वे कर सुरक्षित और स्थायी जगहें चिन्हित की गईं। ज्यादा डॉग्स वाले इलाकों में एओए और आरडब्ल्यूए से सलाह ली जा रही है।

**एओए और आरडब्ल्यूए की तय होगी जिम्मेदारी:** प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि वो सिर्फ जगह चिन्हित करेगी, बोर्ड लगाएगी, बुनियादी ढांचा तैयार करेगी। इसके बाद इन फीडिंग पॉइंट्स की देखरेख और निगरानी की जिम्मेदारी एओए और आरडब्ल्यूए को सौंपी जाएगी। इससे कई फायदे होंगे। पहला कॉलोनियों में डॉग्स की भीड़ नियंत्रित होगी। फीडिंग को लेकर होने वाले झगड़े कम होंगे। साफ-सफाई बेहतर होगी और डॉग्स बाइट के मामले कम होंगे।

# मॉल की पार्किंग से बिना शुल्क दिए भागा कार चालक गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-32 स्थित भूटानी मॉल की पार्किंग में शुल्क मांगने पर युवक कार से इलेक्ट्रानिक बैरियर तोड़कर भाग गया। इससे पार्किंग सुरक्षा में लगे उपकरण को भी नुकसान पहुंचा। सेक्टर-24 थाना पुलिस ने मॉल की सुरक्षा के प्रभारी की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरौला गांव में रहने वाले प्रशांत त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि वह भूटानी मॉल की सुरक्षा के प्रभारी हैं। रविवार शाम करीब सात बजे जारचा के फूलपुर गांव निवासी आकाश दिल्ली नंबर की कार लेकर पार्किंग से निकला। बैरियर के पास रुकने पर स्टाफ ने उससे पार्किंग शुल्क मांगा तो वह नाराज हो गया।

उसने स्टाफ से अभद्रता करते हुए मारपीट की। आरोपी धमकी देते हुए इलेक्ट्रॉनिक बैरियर को तोड़कर भाग गया। प्रशांत ने मामले के वीडियो और गवाह समेत शिकायत पुलिस को दी। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सिक्योरिटी प्रभारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर लिया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# प्रेमिका के जहर खाने के बाद प्रेमी ने लगाई फांसी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक-युवती द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह गांव के बाहर खेत में एक पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान कृष्णपाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसका पड़ोसी गांव की एक युवती से प्रेम संबंध था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों एक ही बिरादरी के थे और शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार वाले इस रिश्ते का विरोध कर रहे थे।

बताया गया है कि दो दिन पहले युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रेमिका के जहर खाने की खबर मिलने पर कृष्णपाल ने मंगलवार सुबह खेत में पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी सनी चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम संबंध से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर शोक और स्तब्धता का माहौल है।

# दिनदहाड़े टक्कर के बाद दबंगई

- घायल दम्पति की बाइक नाले में फेंकी
- हाईवे-24 फ्लाईओवर पर अनियंत्रित पिकअप पलटी, वाहन क्षतिग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। पहली घटना नंदगांव निवासी अनिल कुमार पुत्र बालक. राम के साथ हुई। वह अपनी पत्नी राजकुमारी और 18 माह की मासूम बेटी सरिका के साथ बाइक से स्टेशन की ओर से सिरौली चौराहे जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दम्पति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मासूम बच्ची बाल-बाल बच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद आरोपित ने अपने साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में स्कॉर्पियो से पहुंचे लोगों ने दबंगई दिखाते हुए घायल दम्पति की बाइक को सड़क पार शराब भट्टी के सामने नाले में फेंक दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया।

घटना से नाराज लोगों ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और



दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

वहीं दूसरी घटना में हाईवे-24 के फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई।

पिकअप अयोध्या निवासी कृपाशंकर पुत्र राजनारायण पांडेय चला रहे थे, जो दिल्ली से खाली वाहन लेकर घर लौट रहे थे। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने हाइड्रा मंगाकर वाहन को हटवाया और यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने घायल चालक का प्राथमिक उपचार कराकर उसे घर भेज दिया।

## एक नजर

# आवारा कुत्तों के हमले के बाद एसडीएम ने किया सुकली गांव का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** सुकली गांव में मासूम अर्श की मौत के बाद मंगलवार को एसडीएम आलोक कुमार सिंह गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अर्श के घर पहुंचकर परिजनों से बात. चीत की तथा जंगल में स्थित घटना स्थल का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान एसडीएम ने मौके की फोटोग्राफी कराई और ग्रामीणों से आवारा कुत्तों की समस्या के संबंध में पूछताछ की।अर्श के पिता खुर्शीद ने एसडीएम से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि घटना से पहले भी बीते एक सप्ताह में कुत्तों के झुंड ने दो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। घटना के बाद परिजनों ने अर्श के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया।एसडीएम ने बीडीओ फतेहगंज पश्चिमी को निर्देशित किया कि गांव में टीम भेजकर आवारा कुत्तों को तत्काल पकड़ा जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी है। एसडीएम ने बताया कि घटना से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी गई है।

# होली दहन को लेकर बहादुरपुर में तनाव, पुलिस ने कराई पंचायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना शाही क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में मंगलवार को होली दहन की तैयारियों के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। गांव में वर्षों से निर्धारित स्थान पर होलिका सजाई जाती रही है, लेकिन इस बार ग्रामीणों द्वारा अधिक मात्रा में लकड़ी और घास-फूस रखे जाने से उसका दायरा बढ़ गया। होलिका का ढेर पास में स्थित नंदराम की झोपड़ी के काफी निकट पहुंच गया, जिससे आग लगने की आशंका पैदा हो गई।

झोपड़ी मालिक नंदराम ने आशंका जताई कि होलिका दहन के दौरान चिंगारी से उनकी झोपड़ी में आग लग सकती है। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शाही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में झोपड़ी मालिक और कुछ ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। नंदराम ने बताया कि झोपड़ी लंबे समय से वहीं बनी हुई है। एक झोपड़ी में उनके परिवार के बुजुर्ग रहते हैं, जबकि दूसरी में बकरियां बांधी जाती हैं। ग्रामीणों का कहना था कि होली दहन का स्थान पारंपरिक है और वर्षों से वहीं कार्यक्रम होता आया है।

स्थिति को गंभीर होते देख पुलिस ने दोनों पक्षों की पंचायत कराई। आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि होलिका दहन तक झोपड़ी को अस्थायी रूप से हटा दिया जाएगा और दहन के बाद ग्रामीण मिलकर उसे पुनः उसी स्थान पर स्थापित कराएंगे। सहमति बनने के बाद झोपड़ी को सुरक्षित स्थान पर हटवा दिया गया, जिससे विवाद समाप्त हो गया।थाना अध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया कि मामला मामूली था, जिसे आपसी समझौते से सुलझा लिया गया है। गांव में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है।

# आमने-सामने भिड़ीं बाइकें सिपाही समेत तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** शाही-शेरगढ़ मार्ग पर मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में डायल 112 में तैनात एक सिपाही सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा शाही कस्बे के निकट उस समय हुआ, जब शेरगढ़ की ओर से आ रही एक बाइक की टक्कर शाही से शेरगढ़ जा रही दूसरी बाइक से हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सिपाही सचिन, मोहित निवासी औरंगाबाद और आकाश निवासी केरा घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए बरेली भेजा।

बताया जाता है कि सिपाही सचिन शेरगढ़ क्षेत्र में डायल 112 पर तैनात हैं। घायल मोहित, केरा निवासी आकाश का साला बताया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सिपाही सचिन और मोहित की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट

- दो गांवों में झगड़े के बाद मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** होली के त्योहार पर घर आए युवक पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया गया। सिंगरा गांव निवासी मनोज पुत्र सोहनलाल दो मार्च की शाम दिल्ली से होली मनाने अपने घर पहुंचे थे। बताया जाता है कि रात करीब सात बजे गांव के छोटेलाल, आकाश, अमित व छोटेलाल का रिश्तेदार जितेंद्र लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद आरोपियों ने मनोज को बुरी तरह पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई राजेश के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल मनोज को सीएचसी भेजा।

वहीं रम्पुरा किसानान गांव में भी मारपीट की घटना सामने आई। मगन बिहारी पुत्र नन्नुकी प्रसाद का आरोप है कि पहली मार्च की शाम पड़ोस के कृष्णपाल, धर्मेंद्र, बालजीत व रामचरन ने गाली-गलौज कर ईंट-पत्थर व नल के हत्थे से हमला कर दिया, जिससे उनके दांत टूट गए। पति को बचाने आई गर्भवती रूमा देवी के साथ भी मारपीट कर दी गई।

दूसरी ओर वेदराम पुत्र दुर्गाप्रसाद ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि पहली मार्च की रात सूरज, वीरेंद्र व मगन बिहारी ने उन पर व उनके परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला किया। उनके सिर में नल का हत्था मारकर घायल कर दिया गया।

पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धूमधाम से निकली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा

- रंगों में सराबोर हुई नाथनगरी
- नाथ नगरी जलाभिषेक समिति ने किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** होली से एक दिन पूर्व मंगलवार को नाथ नगरी बरेली में भगवान नरसिंह की भव्य शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। भगवान नरसिंह महोत्सव एवं शोभायात्रा समिति, बरेली के तत्वावधान में आयोजित इस पारंपरिक शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जबकि हुरियारे रंगों की मस्ती में सराबोर नजर आए।

शोभायात्रा का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष पंडित विजय शर्मा (मन्नू महाराज) ने विधि-विधान से पूजन और आरती कर किया। इसके



बाद भगवान नरसिंह को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर यात्रा रवाना की गई। होली के गीतों पर लोग जमकर झूमे और अबीर-गुलाल की सुगंध से पूरा मार्ग महक उठा। यात्रा में राधा-कृष्ण, हनुमान और मां दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां शामिल रहीं। सबसे आगे हुरियारों की टोली ट्रालियों पर सवार होकर रंग से भरे बड़े पीपों से लोगों पर रंगों की बौछार कर रही थी। जवाब में लोगों ने घरों की छतों से भी जमकर रंग बरसाए। रंगों के गुब्बारे खूब चले और पूरा वातावरण होलीमय हो गया।

समिति अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 1952 में पंडित राम गोपाल द्वारा शुरू की गई यह परंपरा आज भी निरंतर जारी है। हर वर्ष यह शोभायात्रा रामबरात के साथ निकलती है, लेकिन इस बार राम बरात के अगले दिन आयोजित की गई। शोभायात्रा चाहबाई से शुरू होकर बानखाना चौराहा, गुलाब नगर बजरिया, काली मंदिर, कोहाड़ापीर, कुतुबखाना, पुराना बस अड्डा और बरेली महाविद्यालय द्वार होते हुए कालीबाड़ी, श्यामगंज, साहू गोपीनाथ मार्ग और शिवाजी मार्ग से गुजरकर पुनः चाहबाई पहुंचकर संपन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मार्ग पर पुलिस, प्रशासन और नागरिक सुरक्षा की टीमें तैनात रहीं।

कोतवाली के पास नाथ नगरी जलाभिषेक समिति, बरेली की ओर से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष बृजवासी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मनोज देवल, अनूप अग्रवाल, रोहित, धर्मेश अग्रवाल और रोहित पंकज सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# होली पर बरेली में कड़ी सुरक्षा ड्रोन से होगी निगरानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर से लेकर देहात तक भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। कई स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी भी कराई जाएगी, ताकि किसी भी तरह की खुराफात को समय रहते रोका जा सके।

होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसके तहत 4 एएसपी, 10 सीओ, 29 थाना प्रभारी, 32 निरीक्षक, 580 दरोगा, 1522 मुख्य आरक्षी व आरक्षी, 3 कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरआरएफ, 5 क्यूआरटी मुख्यालय स्तर पर, 169 क्लस्टर



मोबाइल और 730 होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है।

जिले में होली से जुड़े कुल 91 जुलूस निकाले जाएंगे, जिनकी सुरक्षा के लिए भी विशेष पुलिस व्यवस्था रहेगी। संवेदनशील इलाकों से निकलने वाले जुलूसों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। इसके अलावा जिले में कुल 3173 स्थानों पर होलिका दहन होना है। इनमें नगर के तीनों सर्किल में 867, आंवला सर्किल में 446, फरीदपुर सर्किल में 448, मीरगंज सर्किल में 292, बहेड़ी सर्किल में 463, नवाबगंज सर्किल में 368 और हाइवे सर्किल में 289 स्थान शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्थान पर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सूचना मिलते ही पुलिस टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच जाएगी।

# विधायक के होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा रंग गुलाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे के बलदेवराज सूरी बारात घर में मंगलवार को आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के दिग्गज भाजपा नेताओं ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा आयोजित इस होली मिलन समारोह में सांसद छत्रपाल गंगवार, विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रति. निधि नीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, एशियन लॉ कॉलेज के एमडी एड नंदकिशोर, एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, एसएसटी इण्टर कॉलेज के प्रबंधक टीआर गंगवार,



डॉक्टर रजनीश गंगवार, अधिवक्ता राजीव गंगवार, नीतीश उपाध्याय, गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय गंग. वार, विमला शुक्ला, कपिल गंग. वार, दीपक सूरी, सूर्य राठौर, गोपाल शर्मा, सुरेंद्रवीर गंगवार, पूजा गंग. वार, युवा नेता रोहित गंगवार, सचिन रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर जमकर होली खेली और रंग गुलाल की वर्षा की। होली मिलन समारोह में सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

# बुजुर्ग महिला पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बिथरी में देर रात लूट की नीयत से घर में घुसे युवक ने बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था, महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उनके सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने पकड़कर आरोपी को पुलिस के सुपर्द कर दिया था।

गांव बिथरी निवासी वीरपाल, जो दूध बेचने का कार्य करता है, द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मंगलवार से उसे जेल भेज दिया। आरोप है कि बीती रात करीब 2:30 बजे आरोपी प्रदीप मौर्य ने हीराकली के कान से सोने का कुंडल खींच लिया। जब महिला ने आरोपी को पहचान कर नाम लेकर ललकारा तो उसने धारदार हथियार से सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। 112 पुलिस की मदद से घायल महिला को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया।

# दबंगों ने युवक को लाठी डंडों से पीटा, पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तो दबंग मौके से फरार हो गए। घटना की तहरीर थाना नवाबगंज में दी गयी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन गांव के राकेश कुमार की अपने पड़ोस के ही एक दबंग से पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार की सुबह वह अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान दबंग अपने बेटे के साथ वहां आकर उनसे गाली गलौज करने लगा। जिसका उन्होंने विरोध किया तो दोनों ने मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। साथ ही उन दोनों ने उनके 14 वर्षीय बेटे के घर से बाहर निकलने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। घटना की तहरीर थाना नवाबगंज में दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऑनलाइन गेम की रंजिश में तीन पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान हुई कहासुनी से गुस्साए दबंगों ने एक दलित युवक और उसके दो भाइयों को रास्ते में घेरकर उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह तीनों घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

क्षेत्र के गांव टांडा मजरा परोथी के अजय सिंह अनुसूचित जाति के है। आरोप है कि एक माह पूर्व सहोदर नगला गांव के राज और अभिषेक आदि से ऑनलाइन गेम खेलते समय फोन पर कहासुनी हो गयी थी। आरोप है कि उसी बात को लेकर आरोपी उनसे रंजिश मानने लगे। सोमवार को वह अपने भाई जितेंद्र और योगेश के साथ मोटरसाइकिल से कपड़े खरीदने नवाबगंज जा रहे थे। रास्ते में सहोदर नगला गांव के पास राज, अभिषेक और अंकित ने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उन्हें घेर लिया, और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में तीनों भाई घायल हो गए। घटना की नामजद रिपोर्ट अजय सिंह की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी है।

# लगातार रोजे रख रहीं छह साल की उमामा व मरियम के जज्बे को सलाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** रमजान का महीना पाक और बरकत वाला होता है। इस पाक महीने में बड़े बुजुर्ग तो रोजे रखते ही हैं, लेकिन इनको देखकर बच्चों का जज्बा भी कम नहीं है।



मोहल्ला दर्जी चौक निवासी इमरानुल हक की छह साल की बेटी उमामा रहमान व हाजी मेराजुल हक की छह साल की बेटी मरियम भी रोजे रखने में पीछे नहीं है। दोनों चचेरी-तहरी बहिनें है, लगातार रोजे रख रही हैं। अभी तक केवल एक रोजे का ही नागा हुआ है। परिवार वालों के मना करने के बाद भी लगातार रोजे रखने का जज्बा कायम है।

हालांकि इस्लामी शरीयत के मुताबिक नाबालिग बच्चों पर रोजा नमाज फर्ज नहीं है, लेकिन इन बच्चियों के जज्बे को सलाम करना पड़ेगा जो इतनी जुस्तजू के साथ रोजे रखकर अल्लाह की इबादत कर रही हैं। उमामा रहमान व मरियम ने बताया कि उनके परिवार में सभी लोग रोजा रखते है। उनको रोजा रखते देखकर ही रोजा रखने का मन बनाया। यह दोनों चचेरी तहरी बहनें साथ-साथ एक ही मदरसे में पढ़ाई कर रही हैं। इन दोनों मासूम बच्चियों के जज्बे को देखिए इतनी धूप में भी लगभग तेरह घण्टे का रोजा रख रही हैं। ऐसे लोगों को जो रोजे जैसी नेमत से बेमहरूम हैं उन लोगों को इन मासूम बच्चियों से सीख लेना चाहिए और इनके जज्बे को सलाम करना चाहिए। उमामा रहमान के वालिद इमरानुल हक व मरियम के वालिद हाजी मेराज, दादी हज्जन मोबीन, दादा हाजी फैजल हक, चाचू इकरामुल हक ने दोनों बच्चियों की हौसला अफजाई की और ईनाम से भी नवाजा।

# झोलाछाप के ऑपरेशन से बिगड़ी युवक की हालत

- मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** झोलाछाप के ऑपरेशन के बाद युवक की हालत बिगड़ गई। सोमवार की रात युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के लोगों ने झोलाछाप पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर बारादरी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा गौटिया निवासी अजय का उसके परिवार के लोगों ने गांव के ही एक झोलाछाप से 6 दिसंबर हाइड्रोसील का ऑपरेशन किया था। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान गलत नस कट जाने से संक्रमण फैल गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई।

इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की मां गीता का रो-रोकर बुरा हाल है। अजय तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और मोटर मैकेनिक का काम करता था। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# विवाद के बाद थाने के अंदर भिड़े दो समुदाय के लोग

- हंगामे के बाद फूले पुलिस के हाथ-पांव

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बारादरी थाने के अंदर सोमवार को दो समुदाय के लोगों में विवाद हो गया। इसके चलते थाने में काफी देर तक हंगामा हुआ। पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत करा कर दोनों पक्षों में आपस में समझौता करा कर मामले का निस्तारण कराया।

शाहदना निवासी नदीम सोमवार की शाम करीब 5:00 बजे अपना खाली ट्रैक्टर लेकर गंगापुर की तरफ जा रहा था।

ट्रैक्टर के आगे एक ठेला गाड़ी पर इंद्र पुत्र ख्यालीराम, मोहनलाल और विक्की जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के पहिये से ठेला गाड़ी पर बैठे एक युवक के पैर में चोट लग गई। इसके चलते दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में सलमान पुत्र सलीम की नाक पर चोट आ गई।

सूचना मिलने पर बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई, लेकिन दोनों समुदाय के लोग पुलिस की मौजूदगी में थाने के अंदर आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे से मारपीट की कोशिश में काफी देर तक थाने के अंदर हंगामा चला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि विवाद करने वाले लोगों को समझा कर शांत कराने के बाद दोनों पक्षों को थाने पर बिठाकर आपस में समझौता कर दिया गया है।

# 4.82 लाख रुपये वसूल कराने को आरसी कलेक्ट्रेट भेजी

## बीमा कंपनी पर लगा जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** रामपुर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मो. आसिफ अली बनाम स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस वाद में सुनवाई कर बीमा कंपनी पर जुर्माना लगाया है। जुर्माना की रकम निर्धारित समय पर जमा न करने पर आयोग के अध्यक्ष राधे श्याम यादव ने स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस के उप प्रबंधक कस्टमर इंगेजमेंट के विरुद्ध 4.82 लाख रुपये की आरसी (वसूली प्रमाणपत्र) जारी की है। धनराशि वसूल कराने को वसूली प्रमाण-पत्र कलेक्ट्रेट भेजा है।

आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट भेजी आरसी में बताया है कि आयोग ने 16 अक्टूबर, 2024 को मो. आसिफ अली बनाम उप प्रबंधक कस्टमर इन्गेजमेंट, स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस शाखा कार्यालय, तृतीय तल सिविल लाइंस के वाद के मामले में आदेश पारित किया था। आदेश का अनुपालन विपक्षी ने आज तक नहीं किया। जिला कलेक्टर बरेली को विपक्षी से 4.82 लाख रुपये व इस धनराशि पर साधारण ब्याज की दर से की वसूली भूराजस्व के रूप में करने के लिए अधिकृत किया है। धनराशि वसूल कराकर 9 मार्च 2026 तक आयोग को भिजवाने के भी निर्देश दिए हैं।

# कुरान मुकम्मल, दुआएं देश की खुशहाली के लिए




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रमजान-उल-मुबारक की 13वीं तरावीह की रात, संसद भवन परिसर स्थित नई दिल्ली जामा मस्जिद में पवित्र कुरान करीम मुकम्मल किया गया। इस रूहानी अवसर पर देश की खुशहाली, अमन-चौन और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई।

रामपुर से सांसद एवं जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि रमजान का पाक महीना सब्र, इंसानियत और निस्वार्थ सेवा का पैगाम देता है। उन्होंने दुआ की कि देश में आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारा कायम रहे, और भारत विश्व पटल पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरे। मौलाना ने यह भी प्रार्थना की कि स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में ज्ञान का उजाला फैले, ताकि आने वाली नस्लें शिक्षित और तहजीबयाफ्ता बन सकें। इस मौके पर अरशद मदनी (इमाम, मोतीलाल नेहरू मस्जिद), राय साहब (पूर्व कमिश्नर, दिल्ली), डॉ. हफीर्जुरहमान और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही अनेक समाजसेवी और धार्मिक हस्तियां भी इस रूहानी महफिल का हिस्सा बनीं। अंत में सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि कुरान मुकम्मल होना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि सच्चाई, ईमानदारी और इंसाफ के मार्ग पर चलने का संकल्प भी है।

# पंपलेट्स और कॉमिक्स के जरिए किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-पांच के तहत महिला सुरक्षा दल की टीमों ने कई स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने साइबर क्राइम व हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरुक किया। साथ ही जागरुकता संबंधित पंपलेट्स व कॉमिक्स भी वितरित की।

मंगलवार को दल में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा-आत्मरक्षा व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रलोभन में आकर अंजान लिंक को क्लिक न करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी और सीवीवी नंबर की जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें। साइबर ठगी होने पर साइबर पोर्टल या फिर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098 और स्वास्थ्य सेवा 102 की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही हेल्पलाइन से संबंधित पंपलेट्स भी वितरित किए। बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में इन नंबरों पर फोन करके पीड़ित पुलिस व एंबुलेंस की मद्द ले सकता है। इसके अलावा सभी को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीकि और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझाया।

# एक क्लिक करते ही स्क्रीन पर होगा मरीज का पूरा ब्यौरा

## जिला अस्पताल में तीन ओपीडी हुई कंप्यूटराइज्ड





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का अब पूरा ब्यौरा एक क्लिक करते ही कंप्यूटर स्क्रीन पर होगा। इतना ही नहीं मरीज की क्या जांच होनी है और उसको क्या दवा देनी है, यह भी नजर आएगा। इसी ब्यौरे के आधार पर मरीज का उपचार किया जाएगा। खासबात यह है कि यह पूरा डाटा शासन तक जाएगा। मरीज अपने पर्चे पर लिखे नंबर के आधार पर किसी अन्य जिले के अस्पताल में भी अपना उपचार करा सकता है। इसके लिए जिला अस्पताल में तीन ओपीडी को कंप्यूटराइज्ड कर दिया गया है।

वक्त के साथ रामपुर का जिला अस्पताल भी हाईटेक होता जा रहा है। पहले की तरह अब यहां पर पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन नहीं लगती है। बल्कि बड़े जिले के अस्पतालों की तरह यहां पर भी फोन पर एक एप के माध्यम से ही मरीज आनलाइन पर्चा बनवा सकता है। वहीं अस्पताल के हर कोने पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। जिसका कंट्रोल रूम सीएमएस कार्यालय पर बनाया गया है। ताकि हर वार्ड पर होने वाली गतिविधियों पर सीधे नजर रखी जा सके। एटीएम हेल्थ मशीन भी जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं। इसके अलावा अस्पताल में सोलर पैनल लगने के साथ ही आगजनी की घटना होने पर उससे निपटने के ठोस उपाय किए जा रहे हैं। अब सीएमएस डॉ. बीके सक्सेना ने अस्पतालों में आने वाले हर एक मरीज का ब्यौरा भी आनलाइन करने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत वार्ड 3, 11 और 12 में होने वाली ओपीडी को कंप्यूटराइज्ड कर दिया गया है। कंप्यूटराइज्ड ओपीडी के संबंध में सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि मरीज को मिले पर्चे पर लिखे नंबर के आधार पर उसका पूरा ब्यौरा कंप्यूटर में लोड हो जाएगा। उसकी क्या जांच होनी है और उसे क्या दवाई देनी है, इसका भी जिक्र शामिल होगा। पैथॉलॉजी में जाकर मरीज अपने पर्चे का नंबर बताएगा उसके आधार पर वहां पर जांच हो जाएगी। इसके अलावा दवा काउंटर पर भी नंबर बताने के बाद दवा मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि खासबात यह है कि पूरा ब्यौरा आनलाइन होने के बाद मरीज अगर किसी दूसरे जिले के अस्पताल में जाता है तो उसे वहां पर भी नंबर बताना होगा। जिसके आधार पर उस अस्पताल में भी मरीज का ब्यौरा देखा जा सकता है और क्या उपचार चल रहा है, इसकी भी जानकारी हो जाएगी। फिर उसी आधार पर दूसरे अस्पताल में भी मरीज का सही उपचार हो सकता है।

# नवेद मियां ने अयातुल्ला खामनेई को की खिराजे अकीदत पेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामनेई की मौत पर शोक जताने का सिलसिला जारी है। सोमवार रात्रि, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने मस्जिदे जेहरा में आयोजित मजलिसे तरहीम में शिरकत की और ईरान के सुप्रीम लीडर को खिराजे अकीदत पेश किया। नवेद मियां ने कहा कि खामनेई ने नाइंसाफी के खिलाफ खुद और अपने पूरे परिवार को कुर्बान किया, लेकिन अमेरिका और इजराइल के आगे कभी झुकने से इंकार किया। उन्होंने यह भी बताया कि शहादत की घटना ग्यारह रमजान को हुई, जिससे गम और आक्रोश का माहौल है।

इस मौके पर नवेद मियां ने शिया जामा मस्जिद इमाम सैयद अली मोहम्मद नकवी से मुलाकात की और विश्व में अमेरिका और इजराइल की दहशतगर्दी के खिलाफ आक्रोश जताया। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि 5 मार्च को रात्रि 9 बजे इमामबाड़ा किला में नवेद मियां द्वारा ईरान के सुप्रीम लीडर को अकीदत भेंट करने के लिए मजलिस का आयोजन किया जाएगा।

# रिस्पांस टाइम देने में रामपुर की डायल 112 अव्वल

## लगातार हर माह में रामपुर की पुलिस हो रही है नंबर वन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सुरक्षा के मामले में रामपुर पुलिस अव्वल है। फोन करने पर पुलिस एकदम अव्वल है। यह हम नहीं शासन द्वारा जारी किए जा रहे रिकार्ड कह रहे हैं। जिले की पुलिस डायल 112 के मामले में पिछले कई महीनों से पूरे प्रदेश में अव्वल चल रही है। इस बार भी डायल 112 ने प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर एसपी ने सभी को बधाई दी है।

सुरक्षा के लिहाज से शासन कई योजनाएं चला रहा हैं। कई टोल फ्री नंबर भी शासन ने जारी किए हैं। ताकि किसी भी विषम स्थिति पर आप पुलिस का सहयोग ले सकते हैं। इसी के तहत डायल 112 नंबर भी शासन ने जारी किया है। इस नंबर पर आप किसी भी वक्त फोन करके पुलिस की सहायता ले सकते हैं। अच्छी बात यह है कि एसपी विाासागर मिश्र के नेतृत्व में यह टीम पूरे जिले में बेहतरीन काम कर रही है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि लगातार वर्ष 2024 से जिले की टीम अव्वल चल रही है। इस बार भी पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में माह फरवरी 2026 में यू0पी0-112 परियोजना जनपद रामपुर ने सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया । माह फरवरी वर्ष 2026 में परियोजना यू0पी0-112 जनपद रामपुर पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में उत्तर प्रदेश में 94.72 अंक प्राप्त कर जनपद रामपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । परियोजना यू०पी०-112 में पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में जनपद रामपुर लगातार माह सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर वर्ष 2024 और माह-जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर वर्ष-2025 एवं जनवरी ,फरवरी 2026 में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि इस रैंकिंग सिस्टम में मुख्य तौर पर सभी पीआरवी का औसत रिस्पांस टाईम, एक्नालेजमेंट, इनरुट, अराईव टाइम, पीआरवी उपलब्धता, कॉलर फीड बैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेन्ट क्लोजर सिस्टम, अरली अराईव व विजीलेंस जाँच रिपोर्ट के अंको के आधार पर जनपद की रैंकिंग तय की जाती है । उन्होंने बताया कि 112 के कुशल नेतृत्व में परियोजना यू०पी०-112 जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश में लगातार 18 वीं बार प्रथम स्थान पर रहा है ।

# बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, दो की हालत गंभीर, रेफर




**शाह टाइम्स संवाददाता/ जहीर खान**

**शाहबाद।** मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, जिला बदायूं के थाना ऊगेती क्षेत्र के रतनपुर निवासी सैफअली खान अपनी पत्नी गुले शादाब के साथ अपनी ससुराल मतपुरी दवाई लेने जा रहे थे। इसी दौरान शाहबाद थाना क्षेत्र के बरखेड़ा निवासी मुनेंद्र भी शाहबाद से अपने गांव लौट रहे थे। तुरखेड़ा के पास दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। सैफअली और मुनेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# गाली देने का विरोध करने पर पूरे परिवार को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में गाली देने का विरोध करने पर पूरे परिवार को पीट-पीट कर मारा। शोर शराबा होने पर जब ग्रामीण आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चमरौव्वा निवासी इंद्रजीत का कहना है कि उसका भाई कल अपने घर पर था। तभी रंजिशन गांव के रहने वाले अमरपाल और शेर सिंह उसके घर पर आ गए। आरोप है कि दोनों ने गालियां बकनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने जमकर मारापीटा। शोर शराबा होने पर लोग आए तो सभी धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पूरे मामल की जानकारी दी। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# थाना गंज: बस अड्डे पर खड़े वाहन से बैटरी चोरी करने का प्रयास करते हुए अभियुक्त गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर ।** वादी की सूचना एवं अन्य लोगों की मदद से शन्नू पुत्र अख्तर, निवासी अजीतपुर नई बस्ती, थाना सिविल लाइन, जनपद रामपुर, को बस अड्डे पर खड़े वाहन से टूल बॉक्स का ताला तोड़कर बैटरी चोरी करते हुए पकड़ लिया गया। अभियुक्त को मय एक मोटरसाइकिल थाना लाया गया। वादी की तहरीर के आधार पर थाना गंज पर मुकदमा संख्या 38/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया। अभियुक्त एवं बरामद माल पुलिस हिरासत में हैं और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है

# पेड़ उखाड़ने पर महिला समेत तीन पर हमला

## वरखेड़ा में विवाद, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शाहबाद के वरखेड़ा गांव में 1 मार्च को दोपहर करीब 12:30 बजे एक महिला सहित तीन लोगों को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा गया। पीड़िता रेखा ने शिकायत में बताया कि यशपाल, अतरकली और श्रीनिवास उनके खेत पर लगे पेड़ को उखाड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला किया और जान से मारने की धमकी दी।

रेखा, उनकी मां श्यामवती और शीला को चोटें आईं, जबकि मारपीट में रेखा के सोने के कुंडल भी गिर गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साइबर लुटेरे के हाथों में लगा मोबाइल, तो निकाल लिए पांच लाख

## मिलक से वापस आते समय रास्ते में गिर गया था मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिलक से वापस आते समय रास्ते में मोबाइल गिरना भी एक को महंगा पड़ गया। महंगा इस लिए कि मोबाइल किसी साइबर लुटेरे के हाथ पर लग गया। उसने आनलाइन पीड़ित के खाते से पांच लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी होने पर उसके होश उड़ गए। इस मामले में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

मिलक कोतवाली क्षेत्र के आगापुर निवासी विशंभर का कहना है कि वह कल किसी काम से मिलक गया था। वापस आते समय तीन बत्ती चौराहे के पास उसका मोबाइल गिर गया। इसके बाद उसने मोबाइल को काफी तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं हो सकी। इसके बाद उसने कोतवाली मिलक में मोबाइल गिरने की तहरीर भी दे दी थी। इसके बाद आठ फरवरी को वह पैसे निकालने के लिए बैंग या तो मालूम हुआ कि उसके खाते से करीब 1 लाख 10 हजार रुपये निकाले गए हैं। इसके बाद वह दूसरी बैंक में गया तो मालूम हुआ कि वहां के खाते से भी करीब चार लाख रुपये निकाले गए हैं। इसके बाद जानकारी करने पर मालूम हुआ कि किसी ने फोन पे के माध्यम से यह रकम निकाल ली है। इसके बाद पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# रामरहीम पुल की मरम्मत फिर शुरू, वैकल्पिक मार्ग से ही गुजरना होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** होली पर्व के कारण रोक दी गई रामरहीम पुल की मरम्मत अब फिर से शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार से काम आरंभ किया है, जिसमें पहले चरण में पुल के 14 पिलरों की वायरिंग बदलने का कार्य शामिल है। मरम्मत का कुल बजट लगभग दो करोड़ रुपये रखा गया है।

पुल से भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जबकि हल्के वाहन वैकल्पिक मार्गों से गुजरेंगे। वैकल्पिक मार्गों की स्थिति खस्ता है और कई जगह गड्ढे व पानी भरे होने के कारण आवागमन चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

वैकल्पिक मार्ग: पहला मार्ग अजीतपुर चौराहा से होकर किट प्लाई फैक्टरी वाले रास्ते से पनवड़िया रेलवे क्रॉसिंग होकर हाईवे पर निकलता है। दूसरा मार्ग आगापुर मार्ग है, जो मुरादाबाद हाईवे स्थित सीआरपीएफ गेट के पास से होकर निकलता है। हालांकि इस मार्ग की सड़क कई जगह खस्ता है और उबड़-खाबड़ होने के कारण यात्री इसे पार करते समय परेशानी का सामना कर सकते हैं।

मरम्मत कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। पहले चरण में पुल के 14 पिलरों की वायरिंग बदली जाएगी। इसके 10-15 दिन बाद पुल के ऊपर के हिस्से में कार्य शुरू होगा, जिसके दौरान हल्का ट्रैफिक अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। भारी वाहनों के लिए मुरादाबाद-बरेली बाइपास मार्ग तय किया गया है। प्रशासन ने वैकल्पिक मार्गों और संबंधित रास्तों पर दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

सहायक अभियंता राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुल की मरम्मत का काम पूरी गति से किया जाएगा और वैकल्पिक मार्गों का संचालन यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए किया जा रहा है। पुल की मरम्मत के दौरान यातायात पूरी तरह प्रभावित होगा। भारी वाहनों को पुल से नहीं गुजरने दिया जाएगा और हल्के वाहन भी निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से ही गुजर पाएंगे। खस्ता सड़कें और गड्ढे लोगों के लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं।

# खामनेई की शहादत पर अमेरिका-इजरायल का विरोध

## सहवा सादात में प्रदर्शन, सुन्नी-शिया समुदाय के लोग भी हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** ग्राम सहवा सादात में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की शहादत के अवसर पर अमेरिका और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और हमले की निंदा की। सुहावा मस्जिद के पेश इमाम ने बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत चल रही थी, लेकिन बातचीत पूरी भी नहीं हुई थी कि इजराइल ने ईरान पर हमला कर दिया। इस हमले में खामनेई शहीद हो गए। इस अवसर पर सुन्नी और शिया समुदाय के लोग भी मौजूद रहे। प्रमुख वक्ताओं में मौलाना मोहम्मद नकी, मौलाना शहवेज, मौलाना सैयद, मौलाना जौहर, नूरुल हसन, बबलू चौधरी, नीशू जैदी, मुजाहिद हुसैन, रिजवी, जैगम बाकरी, मोहम्मद रजा, शराफत हुसैन, फरमान और शकील शाह शामिल थे।

# ई-रिक्शा चालक की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र गंभीर

## मसवासी में फजर के समय हादसा, नशे में चालक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी में सोमवार की सुबह फजर की नमाज के बाद ई-रिक्शा चालक ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। घटना में पिता छोटे की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि पुत्र इब्ले हसन गंभीर रूप से घायल हो गए और काशीपुर के अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने रिक्शा और चालक को कब्जे में ले लिया। बताया गया है कि चालक नशे में था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

# बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

## शहर कोतवाली में हादसा, परिजन ने पोस्टमार्टम कराए बगैर शव ले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर** के शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोरी गेट में सोमवार रात बाइक सवार रवि सैनी (25) की बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसकी मौत हो गई। रवि जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, लेकिन परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना शव ले गए। रवि एक ज्वैलरी की दुकान में काम करता था। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# घर में गरम तेल गिरने से 2 साल का बच्चा झुलसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** डूंगरपुर में एक दर्दनाक घटना में 2 वर्षीय प्रशांत, पिता संजय, घर में खाना बनाते समय कड़ाई के पास खेलते हुए अचानक उसके ऊपर गरम तेल गिर गया। घटना के तुरंत बाद बच्चे को परिवार के सदस्यों ने उठाया और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया।

बच्चे के झुलसने से पूरे परिवार में चिंता का माहौल बन गया है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की स्थिति स्थिर है, लेकिन गंभीर चोटें होने के कारण उसे कुछ दिनों तक अस्पताल में रखा जा सकता है। पड़ोसियों और ग्रामीणों ने घटना को देखकर परिवार की मदद की और सावधानी बरतने की सलाह दी।

# रामपुर में मेंथा निर्यात पर युद्ध का असर, 100 करोड़ का कारोबार प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले के मेंथा उद्योग पर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर पड़ने लगा है। रामपुर से मध्य एशिया और खाड़ी देशों में निर्यात होने वाला करीब 100 करोड़ रुपये का मेंथा कारोबार प्रभावित हुआ है। मेंथा आयल और उससे बने उत्पादों के पुराने ऑर्डर रुके हुए हैं, जबकि नए ऑर्डर मिलना बंद हो गए हैं। निर्यातक का कहना है कि युद्ध लंबा चला तो नुकसान 200 करोड़ तक पहुंच सकता है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और मेंथा एसोसिएशन ने भी चिंता जताई है। युद्ध की वजह से जलमार्ग बंद होने और ट्रांसपोर्टेशन लागत बढ़ने से उद्योग और निर्यातकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# विधि विधान से हुआ होलिका दहन

## जिले भर में 1141 स्थानों पर जलाई गई होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले भर में होलिका दहन पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। लोगों ने होली का पूजन किया तथा कचौड़ी, रंग, गुलाल आदि चढ़ाया। सारी रात लोग होली की मस्ती में डूबे रहे। घरों में बने पकवान होली में चढ़ाये गये। डीजे पर सारी रात युवाओं की मस्ती का दौर चलता रहा।

जिले में 1141 स्थानों पर विधि विधान के साथ होली का दहन किया गया। इसे लेकर युवाओं की टोलियों में खास उत्साह बना था। सारा दिन वह इसकी तैयारी में लगे रहे। मौहल्लों में घरों से चंदा एकत्र कर होली के लिये लकड़ी उपलों की व्यवस्था की गई। हर कोई अपनी मस्ती में मग्न नजर आ रहा था। होलि. का दहन के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली

**■ सारी रात डीजे पर डांस करते रहे युवा**

की मुबारकबाद दी। उधर होली में गन्ना तथा गेंहू की बाली को जलाया जाना शुभ माना जाता है। शहर में जगह-जगह गन्ने की बिक्री होती रही। जिसे खरीदने के लिये लोगों की भीड़ दिखाई थी। सबसे पहले कन्याओं ने होली दहन वाले स्थान पर गोबर तथा मिट्टी का लेप किया। इसके बाद लकड़ी तथा उपलों से होली सजाई गई। रात्रि में होली का दहन किया गया। होली दहन के साथ ही बोल होलका भवानी की जय के उदघोष गूंजते रहे। लोगों ने इस पल को अपनी मोबाइल में भी कैद किया। होलिका दहन से पूर्व होली में घरों मे बने पकवान आदि सभी चढ़ाये गये। हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आ रहा था। सारी रात युवाओं की टोली ने डीजे पर डांस का मजा लिया। बड़ों के साथ बच्चों ने भी होली की मस्ती में जमकर अठखेलियां की। लोगों के बीच होली के पर्व को लेकर काफी उत्साह रहता है। आज रंगों की होली है। इसे लेकर हर तरफ उत्साह दिखाई दे रहा है।



■ अमरोहा। मंडी चौब चौराहे पर होलिका का दहन करते लोग।

# चन्द्रगहण के चलते आज होगा मुख्य रंग पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चन्द्रहण के चलते होली का पर्व यूं तो बुधवार को मनाया जाएगा लेकिन फिर भी कई स्थानों पर लोगों ने मंगलवार को भी होली खेली। वहीं होलिका दहन भी अलग अलग स्थानों पर अलग अलग समय

**■ मंगलवार को आंशिक रूप से मना होली का त्यौहार**

पर रहा। वहीं बाजारों में रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानों पर भी खूब भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस मुस्तैद रही।



बता दें कि इस बार चन्द्र ग्रहण के चलते होली का पूजन दो मार्च को जबकि होली का रंग चार मार्च को है। हालांकि हर बार पूजन के अगले दिन होली का रंग पर्व मनाया जाता रहा है, लेकिन इस बार चन्द्रग्रहण के चलते तिथि में परिवर्तन हुआ, हालांकि मंगलवार को भी कुछ स्थानों पर, गैर सरकारी कार्यालयों, औद्योगिक इकाईयों आदि में लोगों ने होली खेली मगर बुधवार को ही होली के पर्व की धूम मचेगी। वहीं मंगलवार को रंग-गुलाल, स्प्रे और पिचकारी की दुकानों पर खूब भीड़ उमड़ी। बच्चों ने राफेल, ड्रोन, हथौड़ा, गन और अने. कों तरह के डिजाइन वाली पिचका. रियां खरीदीं। बाजार में बीस रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक पिचका. रियां मौजूद रहीं। रंग गुलाल के साथ ही होली मनाने के लिए टीशर्ट और कैप भी खरीदे।

# होली पर आज होगी रंगों की बौछार



## जमकर उड़ेगा अबीर व गुलाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आज होली पर रंगों की बौछार होगी। रंगों की मस्ती में सराबोर होने के लिए लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मंगलवार को पूजन कर लोग रात को होलिका दहन करेंगे। जिले में 1141 स्थानों पर होलिका दहन होगा। पुलिस होली में खलल डालने वाले शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। सुरक्षा के लिहाज से शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी।

मंगलवार को भी होली की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ रही। कोट,बड़ा बाजार,बिजनौर रोड लकड़ा चौराहा पर लगी दुकानों से लोगों ने रंग व पिचकारी की खूब खरीदारी की । घरों में पकवान बनाने के लिए जरूरत का सभी सामान खरीदा। होली पर भले ही बुधवार को रंगों की बौछार होगी लेकिन सोमवार से त्यौहार की।लेकर लोगों में हर्ष उल्लास का माहौल नजर आया। दुकानों पर इस बार हाईटेक पिचकारियों व हर्बल रंगों की अधिक डिमांड रही। हेलीकॉप्टर, लड़ाकू विमान वाटर गन और वाटर टैंक डिजाइन वाली हाईटेक पिचकारियों ने युवाओं व बच्चों को खूब लुभाया। इस बार होली को खास बनाने के लिए नई नई तकनीक वाली पिचकारी बाजार में उतारी गई। मिसाइल नुमा पिचकारी से रंगों की बौछार के साथ अबीर गुलाल भी उड़ाया जा सके। इस बार लोगों ने केमिकल युक्त रंगों से दूरी बनाई ओर हर्बल रंग की खूब बिक्री हुई। जिले में 1141 स्थानों पर होलि. का दहन होगा जबकि सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन के जरिए कस्बों व शहर में निगरानी के साथ साथ पुलिस की पेट्रोलिंग लगातार होती रहेगी।

# जमीन के मुद्दे को लेकर अखिलेश से मिले किसान

## औद्योगिक गलियार को जमीन देने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरकार द्वारा औद्योगिक गलियारे के नाम पर किसानों की जमीन सस्ते रेटों पर खरीदे जाने का मामला समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दरबार तक पहुंच गया है।

भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में किसानों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर उनको पूरे मामले से अवगत कराया है। उन्होंने सपा प्रमुख को बताया ग्राम मंगरोला, दौलतपुर, गांगटकोला, ढकिया खादर, हाकमपुर, रुस्तमपुर



खादर, शंकरगढ़ी, जेयतोली, पतेई खादर, गंगवार, बुरावली व अन्य गांवों के किसानों की सरकार 3000 बीघा जमीन के बेनामें 7 लाख 30 हजार रुपये के हिसाब से जबरदस्ती करवाये जाने का कार्य कर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया कि औद्योगिक गलियारे को बनाने के लिए जमीन प्रस्तावित की गई है। दिग्विजय भाटी ने बताया कि अखिलेश यादव ने इस समस्या को विधानसभा व संसद में भी उठाये जाने का आश्वासन दिया है। 2 दिन पूर्व मंगरोला में किसानों ने पंचायत कर सरकार को सुई की नोंक की बराबर भी जमीन न देने की घोषणा की थी। अखिलेश यादव से मिलने वालों में डॉक्टर दिग्विजय भाटी, अमरजीत, किरनपाल, सोनू, देवा, मंथन रूम सिंह खड़गवंशी मौजूद थे।

# प्रेमिका को पुलिस चौकी लेकर पहुंचा सिपाही

## प्रेम प्रसंग की भनक लगते ही ग्रामीणों का हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** थाना क्षेत्र के गांव हाकमपुर स्थित नव निर्मित पुलिस चौकी रविवार रात उस समय सुर्खियों में आ गई, जब एक कांस्टेबल पर युवती को चौकी पर लाने के आरोप लगे। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, एक युवती को बाइक से चौकी परिसर में लाया गया, जिसे देखकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चौकी परिसर में युवती की मौजूदगी पर लोगों ने कांस्टेबल से सवाल-जवाब किए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ एकत्र हो गई और माहौल गरमा गया। ग्रामीणों ने पुलिस चौकी जैसे संवे. दनशील स्थान पर इस प्रकार की गतिविधि को अनुचित बताते हुए नाराजगी जताई। बढ़ते विरोध को देखते हुए कांस्टेबल युवती को बाइक पर बैठाकर वहां से निकल गया। आरोप है कि इसके बाद कांस्टेबल युवती को जंगल की ओर ले गया। इसी दौरान किसी राहगीर ने दोनों का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे। इस मामले में थाना रहरा के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई प्रकरण आधिकारिक रूप से नहीं आया है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। यदि जांच में कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं और लोग जांच के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।


# मंदबुद्धि ने सिपाही पर किया गंड़ासे से हमला

## उत्पात मचा रहे युवकों को रोकना पड़ा महंगा, होली पर गश्त के दौरान घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हंगामा कर रहे मंदबुद्धि व्यक्ति ने सिपाही पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले में सिपाही लहूलुहान गया और मोहल्ले में अफरातफरी मच गई, वही अफसरों में हड़कंप मच गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया , जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना मोहल्ला छेवडा में देर रात करीब साढ़े दस बजे की है । होली को लेकर लेकर पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी। उस दौरान एक मंदबुद्धि युवक ने मोहल्ले में हंगामा करना शुरू कर दिया,जिसे लोगों ने काबू करने की कोशिश की तो वह हमलावर हो गया।गश्त कर रहे हेडकंस्टेबल



राहुल कुमार ने मंदबुद्धि को काबू करने का प्रयास किया तो उसने गंडासे से राहुल पर वार कर दिया।हमले में सिपाही घायल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि इलाके में अफरातफरी मच गई। पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने लोगों की मदद से हमलावर को दबोच हिरासत में ले लिया। सूचना पर एसपी अमित कुमार आनन्द भी मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। एसपी ने बताया हिरासत में लिया गया आरोपी मानसिक रूप से बीमार प्रतीत हो रहा है।आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है।

# दबंग ने घर में घुसकर छात्रा व मां को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इंटर की छात्रा को रास्ते में परेशान करने वाला युवक परिजनों के साथ घर में घुस आया, छात्रा व उसकी मां पर हमला कर मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। छात्रा की तहरीर पर आरोपी युवक उसके भाई व दो बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। शहर के एक कॉलेज में पढ़ने वाली इंटर की छात्रा का आरोप है कि मोहल्ले मे रहने बिलाल उसे परेशान करता है आए

**■ छेड़छाड़ का विरोध पड़ा भारी, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

दिन रस्ते में उसे रोककर अमर्यादित व्यवहार करता है। उसकी हरकतों से परेशान छात्रा ने कुछ दिन पहले उसकी शिकायत भी की थी। आरोप है कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे छात्रा अपनी मां के साथ घर में मौजूद थी। उसी दौरान बिलाल अपने भाई सलमान, बहन नाजिया व अलीशा के साथ घर में घुस आया। छात्रा और उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया गया। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग घरों से निकल आए। आरोपी खुद को घिरता देख जान से मारने की धमकी देते वहां से फरार गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया के मामले में आरोपी बिलाल, सलमान, नाजिया व अलीशा के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# ताउम्र याद रहेगी खामेनेई की शहादत

## कैंडिल मार्च निकालकर दी खिराजे अकीदत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सुप्रीम लीडर सैय्यद अयातुल्लाह अली खमेनेई के निधन पर भड़का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात हाथों में अली खमेनेई के पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरे लोगों ने अमेरिका इजरायल के खिलाफ विरोध की आवाज बुलंद की। अमरोहा से लेकर नौगावां सादात तक विरोध प्रदर्शन होते रहे। वही मजलिसों का सिल. सिला भी जारी रहा। शिया उलेमाओं ने इस्लाम में शहीद का दर्जा बताते कर्बला की दस्ता सुनाई, जिसे सुनकर लोगों की आंखे नम हो गई। दरो दीवार भी लब्बैक या हुसैन की सदाओं से गूंजते रहे।

सोमवार को मोहल्ला सद्दो से काजीजादा तक शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाला गया।। हसन नकवी और मौलाना शहजादे आबिदी ने कहा कि अयातुल्लाह सैयद अली हुसैनी खामेनेई शहीद हो गए लेकिन वो जुल्म के आगे कभी नहीं झुके, जिसके चलते दुनिया उन्हें हमेशा याद करती रहेगी। मजलिसों में उलेमाओं ने कहा सैय्यद अली खुमानी इंसा. नियत के दोस्त व मजलूमियत की आवाज थे, शहीद रहबर ने राह ए हक में जुल्म के खिलाफ बगावत की और एक शेर की तरह अपनी शहादत पेश की। देर रात शहर शहर के मोहल्ला हक्कानी स्थित इमाम बारगाह सट्टी से एक कैंडल मार्च जमा मस्जिद होते हुए शहर की इमाम बारगाह नक्शबी पहुंचकर सम्पन्न हुआ। उधर नौगावा सादात में भी लोगों ने अमेरिका इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि खामेनेई दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उनकी शहादत के बाद शुरू हुआ गम इसकी गवाही देने के लिए काफी है।



# होली को लेकर चाक चौबंद रही सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** होली के त्योहार पर बाजारों में जमकर भीड़ उमड़ पड़ी। जरूरत के सामान की जमकर खरीदारी की गई।

नगर के बाजारो में मंगलवार को होली के मद्देनजर बाजारो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के अंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, पुराना डाकखाना मार्ग, मेंन बाजार, पंसारा बाजार, नवयुवक मार्केट में होली के सामान को लेने के लिए खरीदारों से दुकानें फुल हो गई। गुलाल अबीर रंग बिरंगे रंग पिचकरिया आदि की खरीदारी की गई। रंग से चेहरो को बचाने के लिए मास्को की भी काफी खरीदारी की गई। नगर में जगह-जगह प्रस्तावित स्थानो पर होली लगा दी गई। चामुंडा रोड मोहल्ला कायस्थान ब्लॉक पुराना डाकखाना होली चौक झड़की अड्डा रहरा रोड खेवान समेत अन्य स्थानो पर होली दहन से पूर्व लकड़ियां आदि को पारंपरिक तरीके से लगाया गया था। होली दहन के स्थान के आसपास पुलिस बल को तैनात किया गया था।

















### टी-20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल, इतिहास फिर से लिखना दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य

# प्रोटियाज-कीवियों की भिड़ंत आज



● कोलकाता के ईडन गार्डन में आज शाम 7 बजे दोनों टीमों के बीच भिड़ंत

**कोलकाता, वार्ता।** सेमीफाइनल के तूफान से पहले एक तरह की शांति होती है, और बुधवार को, उस शांति की परीक्षा तब होगी जब दक्षिण अफ्रीका मशहूर ईडन गार्डन्स में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

यह मैच, जो शाम 7:00 बजे शुरू होने वाला है, दो ऐसी टीमों को एक साथ लाता है जो दबाव को समझते हैं, हालांकि बहुत अलग तरीकों से। दक्षिण अफ्रीका के लिए, बिल्ड-अप एक बार फिर एक जानी-पहचानी कहानी - नॉकआउट क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूम रहा है। प्रोटियाज ने पूरे टूर्नामेंट में टी-20 क्रिकेट का एक पक्का ब्रांड खेला है, जिसमें टॉप ऑर्डर में डिसिप्लिन्ड फास्ट बॉलिंग के साथ सोची-समझी आक्रामकता को मिलाया गया है। उनका अप्रोच लापरवाह होने के बजाय नपा-तुला रहा है, जो मजबूत बुनियादी बातों पर बना है: नई गेंद के साथ साफ प्लान, डेथ ओवरों में डिफेंस की स्पष्टता, और ऐसे बल्लेबाज जो मौकों का पीछा करने के बजाय पारी को गति देते हैं। फिर भी, सेमीफाइनल ऐतिहासिक रूप से स्ट्रक्चर के बारे में कम और संयम के बारे में ज्यादा रहे हैं। इस बीच, न्यूजीलैंड अपने हमेशा की तरह कम कॉन्फिडेंस के साथ आया है। ब्लैक कैप्स ने चुपचाप एक और मजबूत आईसीसी अभियान बनाया है, जिसमें रोल क्लैरिटी और गेम अवेयरनेस पर भरोसा किया गया है। वे हमेशा सबसे शानदार टीम नहीं होते, लेकिन वे शायद ही कभी घबराते हैं। नॉकआउट मैचों में, यह मिजाज अक्सर अहम बन जाता है। ईडन गार्डन्स ऐसे मुक. ाबले के लिए एक सही स्टेज देता है। यह सरफेस पारंपरिक रूप से एक जैसा बाउंस और शॉट्स के लिए वैल्यू देता है, लेकिन यह पावरप्ले में डिसिप्लिन्ड सीम बॉलिंग को भी इनाम देता है। शाम को बाद में ओस की भूमिका होने की संभावना है, इसलिए टॉस टैक्टिक्स पर असर डाल सकता है, खासकर बॉल के साथ आखिरी पांच ओवर को मैनेज करने में। क्रिकेट के नजिरए से, सेमीफाइनल छोटे-छोटे हिस्सों में एग्जिक्यूशन पर निर्भर कर सकता है - शुरुआती छह ओवर कैसे खेले जाते हैं, बीच के ओवरों को कितनी अच्छी तरह कंट्रोल किया जाता है, और अगर हालात बदलते हैं तो कौन सी टीम तेजी से एडजस्ट करती है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ज्यादा स्विग के पीछे भागने के बजाय हार्ड लेंथ पर हिट करने और गलतियां करवाने पर ध्यान देंगे। बदले में, उनके बैट्समैन हाइलाइट-रील स्ट्रोक्स के पीछे भागने के बजाय प्लेटफॉर्म बनाने का लक्ष्य रखेंगे। जरूरी बात यह होगी कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखें, गेम से आगे न बढ़ें, मौके पर रिएक्ट न करें। न्यूजीलैंड की ताकत उनकी क्लैरिटी में है। वे शायद ही कभी प्रोसेस से भटकते हैं। उनके बैट्समैन प्रेशर में स्ट्राइक रोटेट करने में माहिर हैं।

# एयरस्पेस संकट के कारण वेस्टइंडीज की रवानगी में देरी हुई

**कोलकाता, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कन्फर्म किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद, वेस्टइंडीज की सीनियर मेन्स टीम की भारत से रवानगी में इंटरनेशनल एयरस्पेस पाबंदियों के कारण देरी हुई है। सोमवार को जारी एक बयान में, सीडब्ल्यूआई ने कहा कि ए पाबंदियां खाड़ी क्षेत्र में मिलिट्री कार्रवाई से पैदा हुए सुरक्षा खतरों की वजह से हैं, जिससे कई इंटरनेशनल फ्लाइट रूट बाधित हुए हैं और एयरलाइंस को सुरक्षा कारणों से अपनी तय सेवाओं में बदलाव करने पड़े हैं। सीडब्ल्यूआई ने आगे कहा कि वह टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए जल्द से जल्द सुरक्षित यात्रा का इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी), संबंधित सरकारी अधिकारियों और एयरलाइन पार्टनर्स के साथ मिलकर काम कर रहा है। बयान में कहा गया कि हमारे खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सीडब्ल्यूआई ने कन्फर्म किया कि टीम अभी भारत में है और सुरक्षित है, साथ ही कहा कि वह स्थिति पर नजर रख रहा है और यात्रा के बदले हुए इंतजामों को फाइनल करने के बाद आगे अपडेट जारी करेगा। सीडब्ल्यूआई ने इस रुकावट के दौरान फैंस, परिवारों और स्टेकहोल्डर्स की समझदारी और चिंता की भी तारीफ की।

### वर्ल्ड कप में ट्रैवल में रुकावट के बाद जिम्बाब्वे टीम सुरक्षित

**नई दिल्ली, वार्ता।** जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने कन्फर्म किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के बाद जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत में सुरक्षित है, ट्रैवल में रुकावटों की वजह से उनके घर लौटने में देरी हुई। सोमवार को एक बयान में, जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इमरजेंसी उपाय शुरू कर दिए हैं और टीम के लिए दूसरे ट्रैवल इंतजाम करने के लिए इंटरनेशनल एयरलाइन्स के साथ काम कर रही है। जेडसी ने आगे कहा कि वह आईसीसी और भारत में टीम मैनेजमेंट के साथ लगातार बातचीत में है ताकि यह पक्का हो सके कि खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ जल्द से जल्द और सुरक्षित घर लौटें। बयान में कहा गया कि बदले हुए ट्रैवल प्लान फाइनल होने के बाद और अपडेट की उम्मीद है। जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट का अपना आखिरी मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला। टीम को दिल्ली से दुबई और आगे हरारे के लिए एमिरेट्स फ्लाइट्स से वापस जाना था, लेकिन मिडिल ईस्ट में बदलते हालात की वजह से उनके ट्रैवल प्लान पर असर पड़ा है, जिससे जरूरी ट्रांजिट रूट्स में रुकावट आई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रवि शास्त्री, पोंटिंग ने अभिषेक शर्मा पर भरोसा जताया

**मुंबई, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में खराब प्रदर्शन के बावजूद, रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग दोनों ने अभिषेक शर्मा का साथ दिया है और कहा है कि ओपनर सबसे जरूरी समय पर अच्छा प्रदर्शन करेगा। द आईसीसी रिव्यू पर बात करते हुए, शास्त्री ने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में उनकी जगह के बारे में कोई भी फैसला सबसे पहले बाएं हाथ के बैटर के मेंटल स्पेस पर आधारित होना चाहिए। भारत के पूर्व हेड कोच ने कहा कि जब तक टीम मैनेजमेंट को यह एहसास नहीं हो जाता कि, मेंटली वह वहां नहीं है। अगर मेंटली, उसकी सोच पर असर पड़ा है, तो यह उन्हें बाहर से, उससे बातचीत में, बस नेट्स में उसकी बैटिग को देखकर ही जज करना है।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड को शॉर्टलिस्ट

**नई दिल्ली, वार्ता।** बोर्ड ऑफ़ कंट्रोल फ़ॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मशहूर लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। पहली बार 2000 में हुए, ये सालाना अवॉर्ड साल की सबसे बड़ी और सबसे प्रेरणा देने वाली खेल उपलब्ब्रियों को सम्मानित करते हैं। यह नॉमिनेशन इंडियन क्रिकेट के लिए एक अहम साल के बाद आया है, जिसमें टीम की 2025 में पहली बार ऐतिहासिक आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत सबसे खास रही, यह एक ऐसा पल था जिसने खेल के इतिहास में उनका नाम दर्ज कर दिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान, इंडियन टीम ने ज़बरदस्त त्रौर्य और मिलकर हिम्मत दिखाई, और ट्रॉफी उठाने के रास्ते में टॉप रैंक वाली टीमों को हराया।

# टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के नॉकआउट स्टेज के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा की है, जिसके सेमीफाइनल कोलकाता और मुंबई में खेले जाएंगे। 4 मार्च को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए, रिचर्ड इलिगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इलिगवर्थ ने दो साल पहले अफगानिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भी अंपायरिग की थी, जबकि व्हार्फ मौजूदा एडिशन में उसी विरोधी टीम पर न्यूजीलैंड की ग्रुप-स्टेज जीत में अंपायर थे। नितिन मेनन थर्ड अंपायर होंगे, रॉड टकर फोर्थ अंपायर और जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे। 5 मार्च को मुंबई में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में क्रिस गैफनी और अल्लाहुद्दीन पालेकर ऑन फील्ड अंपायर होंगे। गैफनी ने 2024 एडिशन में सेमीफाइनल स्टेज पर जब यही टीमें मिली थीं, तब अंपायरिग की थी, जबकि पालेकर मौजूदा टूर्नामेंट में इंग्लैंड के दो मैचों में और नीदरलैंड्स पर भारत की जीत में अंपायर रहे हैं। उन्हें थर्ड अंपायर के तौर पर एड्रियन होल्डस्टॉक, फोर्थ अंपायर के तौर पर पॉल रीफेल और मैच रेफरी के तौर पर एंडी पाइक्रॉफ्ट सपोर्ट करेंगे।

# अलाना किंग, स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में टॉप पर





● अलाना किंग 775 रेटिंग पाइंटस के साथ चार साल के नंबर-1 वन पर कायम सोफी का राज खत्म किया

● स्मृति मंधाना ने 790 पाइंटस के साथ इस हफ्ते लॉरा वोल्वार्ट को पीछे छोड़कर नंबर-1 जगह हासिल की

**दुबई, वार्ता।** मंगलवार को जारी लेटेस्ट अपडेट में, अलाना किंग और स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे बॉलिग और बैटिग रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी ) की वेबसाइट के मुताबिक, किंग (775 रेटिंग पॉइंट्स) ने एक शानदार हफ्ते में 16-71 की एवरेज से सात विकेट लेकर सोफी एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के नंबर 1 पर राज को खत्म कर दिया। तीसरे वनडे में उनके 4/33 के शानदार स्पेल ने ऑस्ट्रेलिया को 185 रन से जीत दिलाने में मदद की और उन्हें करियर की बेस्ट रेटिग और पहली बार नंबर 1 रैंकिंग पर पहुंचाया।

किंग के साथ टॉप आठ में चार ऑस्ट्रेलियाई बॉलर शामिल हैं: एश्ले गार्डनर (तीसरे), एनाबेल सदरलैंड (पांचवें), मेगन शट्ट (सातवें), और किम गार्थ (आठवें)। मंधाना (790) ने इस हफ्ते 58 और 31 रन बनाकर बैटिंग रैंकिंग में लॉरा वोल्वार्ट को पीछे छोड़कर नंबर 1 जगह हासिल कर ली। वोल्वार्ट के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की आने वाली वनडे सीरीज के दौरान टॉप पोजीशन फिर से हासिल करने का मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया, जिसने टी-20 हारने के बाद वापसी करते हुए मल्टी-फॉर्मेट सीरीज का वनडे लेग जीता, उसमें बेथ मूनी, गार्डनर और एलिसा हीली को भी फायदा हुआ।

हीली, जिन्होंने इस फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा करने से पहले अपने आखरिी वनडे में सेंचुरी बनाई थी, मूनी (749) से पीछे और गार्डनर (724) से आगे, चौथे (744) स्थान पर रहीं। गार्डनर (516) वनडे ऑल-राउंडर रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं, जो हेली मैथ्यूज (418) से लगभग 100 पॉइंट आगे हैं। सदरलैंड (408) ऑल-राउंडर लिस्ट में दो पायदान ऊपर चढ़ीं, जबकि युवा जॉर्जिया वोल सीरीज में 54 के एवरेज के बाद बैटिग रैंकिंग में 23 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें नंबर पर आ गईं। 3-0 से सीरीज हारने के बावजूद, इंडिया की कैप्टन हरमनप्रीत कौर (652) 53, 54 और 25 के स्कोर के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गईं। पाकिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की वनडे सीरीज में, सादिया इकबाल बॉलिग रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 14वें (583) नंबर पर आ गईं, जबकि फातिमा सना ऑल-राउंडर स्टैंडिग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 15वें (180) नंबर पर आ गईं, और सुने लुस को पीछे छोड़ दिया।

# पीसीबी ने पाक टीम पर लगाया जुर्माना



● बताया गया है कि यह जुर्माना किसी अनुशासनात्मक कारणों से नहीं बल्कि खराब प्रदर्शन के कारण लगाया गया


**इस्लामाबाद, वार्ता।** टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम के सभी खिलाड़ियों पर पीसीबी ने खराब प्रदर्शन करने के कारण 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 16.3 लाख रुपए) का जुर्माना लगाया है। सुपर 8 स्टेज से ही पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया था और लगातार चौथी बार वे किसी आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके जो पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार हुआ है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला हैं कि ए जुर्माना किसी अनुशासनात्मक कारणों से नहीं लगा है बल्कि खास तौर से खराब प्रदर्शन के कारण ही लगाया गया है। ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ मैच के बाद ही ए जुर्माना लगा दिया गया था जिसमें टीम को 61 रनों से हार मिली थी। इसके बाद उनसे कहा गया था कि यदि टीम सेमीफाइनल में जाती है तो उनके ऊपर से ए जुर्माना हटा लिया जाएगा। पाकिस्तान ने दूसरे राउंड में पहुंचते ही लगातार तीसरी बार पहले राउंड से ही बाहर होने से खुद को बचा तो लिया, लेकिन सुपर 8 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला ही मैच बारिश की भेंट चढ़ने से उनकी मुश्किलें बढ़ गईं। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ हार मिली थी। श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड की शानदार जीत से उनका काम और कठिन कर दिया क्योंकि अब उन्हें अपने आखरिी मैच में श्रीलंका के खिलाफ काफी बड़े अंतर से जीत हासिल करनी थी। हालांकि, श्रीलंका के खिलाफ उनकी जीत का अंतर बेहद कम रहा जिससे उन्हें सुपर 8 से ही बाहर होना पड़ा। पीसीबी ने पहले भी खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिए हैं, लेकिन हर बार इसे अनुशासनात्मक कारण बताया जाता था। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम के अंदर अनुशासन से जुड़ा कोई मामला नहीं हुआ था और जुर्माना केवल और केवल उनके प्रदर्शन के लिए ही लगाया गया है। इसी वजह से पीसीबी द्वारा लगाया गया जुर्माना बेहद दुर्लभ और संभवत: अभूतपूर्व है। पीसीबी के वर्तमान प्रशासक बड़े टूर्नामेंट्स में टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर सजा देने के लिए मशह. ूर हैं। पांच महीने पहले एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ करीबी हार के बाद पीसीबी ने थोड़े समय के लिए अपने सारे खिलाड़ियों की एनओसी को रद्द कर दिया गया था जो उन्हें विदेशी टी-20 लीग्स में खेलने के लिए जारी किए गए थे। हालांकि, जब कुछ बड़े खिलाड़ी बीबीएल खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए तो बाकी खिलाड़ियों पर लगी पाबंदी को भी हटा लिया गया था। भले ही पाक टीम में एक ऐसा भी खिलाड़ी शामिल रहा।

### लक्ष्य सेन सात्विक-चिराग ऑल इंग्लैंड में भारत की चुनौती संभालेंगे

**बर्मिंघम, वार्ता।** पीवी सिंधु के बाहर होने के बाद, ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती की अगुआई लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी मंगलवार से बर्मिंघम में करेंगी। सिंधु, जो दुबई के रास्ते टूर्नामेंट के लिए जा रही थीं, मिडिल ईस्ट में बदलते हालात की वजह से रास्ते में ही फंस गईं और बाद में मशहूर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट से हट गईं। ओलंपिक्स डॉट कॉम के मुताबिक, उनकी गैरमौजूदगी में, भारत के महिला सिगल्स कैंपेन की अगुआई उभरती हुई टैलेंट उन्नति हुड्डा करेंगी, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन में सिंधु को हराया था। साथ ही, मालविका बंसोड़ भी होंगी। पुरुष सिगल्स में, दुनिया के 12वें नंबर के लक्ष्य सेन भारत के टॉप रैंक वाले शटलर के तौर पर उतरेंगे।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सिंधु दुबई से सुरक्षित घर लौटीं



● इस बुरे अनुभव के बाद राहत जताते हुए सिंधु ने एक्स पर लिखा कि बेंगलुरु में घर वापस आ गई हूं और सुरक्षित हूं

**बेंगलुरु, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि वह बढ़ते रीजनल तनाव के बीच दुबई में फंसी रहने के बाद सुरक्षित बेंगलुरु लौट आई हैं। इस बुरे अनुभव के बाद राहत जताते हुए सिंधु ने ग पर लिखा कि बेंगलुरु में घर वापस आ गई हूं और सुरक्षित हूं।

पिछले कुछ दिन बहुत मुश्किल और अनिश्चित रहे हैं, लेकिन मैं अपने घर वापस आकर सच में शुक्रगुजार हूं। उन्होंने ग्राउंड टीम, दुबई अथॉरिटी, एयरपोर्ट स्टाफ, इमिग्रेशन अधिकारियों और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस परेशानी के दौरान उनकी और उनकी टीम की मदद की। उन्होंने आगे कहा कि हमदर्दी और प्रोफेशनलिज्म शब्दों से कहीं ज्यादा मायने रखता है। अभी के लिए, आराम करने, खुद को रीसेट करने और अगले कदम तय करने का समय है। पहले के पोस्ट में, सिंधु ने दुबई की स्थिति को डरावना बताया था, जिसमें ऊपर से हो रही रुकावटों और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच तेजी से बढ़ते तनाव का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि वह और उनकी टीम कई परिवारों के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं क्योंकि फ्लाइट्स में रुकावट आई थी। इस स्टार शटलर ने एक टेंशन वाला पल भी याद किया जब एयरपोर्ट एरिया के पास एक धमाका हुआ, जहां वे मौजूद थीं, जिससे उनके कोच को धुएं और मलबे से जल्दी से दूर जाना पड़ा।

# इंडियन वेल्स में अल्काराज के सामने मुश्किल शुरुआती चुनौती



● अल्काराज ने पिछले साल कैलिफोर्निया के डेजर्ट में दिमित्रोव के साथ खेला था

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** टॉप सीड कार्लोस अल्काराज बीएनपी परीबा ओपन के अपने शुरुआती मैच में चाहे किसी से भी भिड़ें, स्पेन के इस खिलाड़ी के सामने मुश्किल चुनौती होगी। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी सीजन के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट की शुरुआत पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ग्रिगोर दिमित्रोव या उभरते हुए लेफ्टी टेरेंस अटमाने के खिलाफ करेंगे, जिसमें पांच बार के इंडियन वेल्स चैंपियन नोवाक जोकोविच भी ड्रॉ के अपने हिस्से में होंगे। अल्काराज ने पिछले साल कैलिफोर्निया के डेजर्ट में दिमित्रोव के साथ खेला था, जिसमें वह चौथे राउंड में बुल्गारियाई खिलाड़ी से सिर्फ दो गेम हारे थे। लेकिन दिमित्रोव ने इंडियन वेल्स में आराम दिखाया है, 2021 में सेमीफाइनल और 2022 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे हैं।

अटमाने पहले क्वालिफाइंग में हिस्सा लेने के बाद इस बार इंडियन वेल्स में अपना मेन ड्रॉ डेब्यू करेंगे। इस फ्रेंच खिलाड़ी ने पिछले साल सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक का शानदार सफर तय किया था और वह एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सबसे अच्छे 52वें नंबर पर हैं। 24 साल के इस खिलाड़ी ने दिमित्रोव के साथ पिछली एटीपी हेड-टू-हेड मीटिग में बराबरी की है, जिसमें पिछले हफ्ते अकापुल्को में सीधे सेटों में जीत भी शामिल है। अटमाने ने कहा कि यह कमाल का है। उम्मीद है कि मेरे दो बहुत अच्छे मैच होंगे। हम पहले वाले ण्पर ध्यान देंगे। यह हमेशा मजेदार होता है। हमने पिछले हफ्ते ग्रिगोर के साथ खेला था, इसलिए हम फिर से खेलेंगे। यह बहुत मजेदार है। हममें से जो भी जीतेगा, वह कार्लिटोस के साथ खेल पाएगा।

### कॉक्स, दीप्ति हंड्रेड ऑक्शन की लॉन्गलिस्ट में शामिल

**लंदन, वार्ता।** द हंड्रेड 2026 के लिए ऑक्शन लॉन्गलिस्ट की घोषणा कर दी गई है, जिसमें 247 पुरुष और 178 महिला खिलाधी शामिल हैं। जॉनी बेयरस्टो, हैरिस राउफ, डेविड मिलर, एडेन मार्करम और जॉर्डन कॉक्स पुरुष लिस्ट के उन 10 मार्की प्लेयर्स में शामिल हैं, जिनकी नीलामी सबसे पहले होगी। नादिन डी क्लर्क और दीप्ति शर्मा इसी तरह की महिला मार्की लिस्ट में हैं। 11 और 12 मार्च को होने वाला यह ऑक्शन अलग-अलग फेज में होगा: टॉप 50 प्लेयर्स को फेज 1 में खरीदा जाएगा, जबकि बाकी प्लेयर्स फेज 2 और 3 में शामिल होंगे। कई इंटरनेशनल स्टार्स पर नजर रहेगी, जिनमें 2026 टी 20 वर्ल्ड कप में शामिल टॉप प्लेयर्स भी शामिल हैं, जो अब अपने आखिरी स्टेज में है। विदेशी प्लेयर्स में, ऑस्ट्रेलिया से 19, अफ्रीका से 18, पाक से 14, न्यूजीलैंड से 13, अफगानिस्तान से सात खिलाड़ी है।

# बहुत रोमांचक होगा भारत-इंग्लैंड मैच : गावस्कर



● कहा : दोनों टीमों के पास फिनिशर हैं, दोनों टीमों की बॉलिंग में वैरायटी है व दोनों टीमों को टी-20 क्रिकेट का काफी एक्सपीरियंस है

**मुम्बई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल बहुत रोमांचक मुकाबला होगा, ठीक वैसे ही जैसे रविवार को ईडन में भारत और वेस्ट इंडीज के बीच सुपर आठ मैच में हुआ था। गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक और जबरदस्त गेम होने वाला है, ठीक वैसे ही जैसे वेस्ट इंडीज के खिलाफ इस तरह का क्वार्टर-फाइनल था, क्योंकि दोनों टीमें बहुत अच्छी तरह से मैच करती हैं।

उनके पास बैटिग है। उनके पास बॉलिंग है। उनके पास मिडिल ऑर्डर है। उनके पास, आप जानते हैं, फिनिशर है। दोनों टीमों के पास फिनिशर हैं। दोनों टीमों की बॉलिग में वैरायटी है। दोनों टीमों को टी-20 क्रिकेट का भी काफी एक्सपीरियंस है। इंग्लैंड के पास कुछ ऐसे प्लेयर्स हैं जो आईपीएल में खेल चुके हैं, इसलिए जो इंडियन कंडीशंस से परिचित हैं, जो खेलने के प्रेशर से परिचित हैं। यह एक जबरदस्त गेम होने वाला है। और जैसे कल कोलकाता में हुआ, मुझे लगता है कि यह भी शायद 40वें ओवर तक जाएगा। भारत ने भले ही 2011 में वानखेड़े में वर्ल्ड कप फाइनल जीता हो, लेकिन 1987 और 2016 में इस वेन्यू पर कुछ सेमीफाइनल हार गया। लेकिन गावस्कर को लगा कि अब स्क्रिप्ट बदलने का समय आ गया है। खैर, उस दिन, मेरा मतलब है, कल भी किसी ने कहा था कि, आप जानते हैं, वेस्ट इंडीज ने ईडन गार्डन्स में कभी कोई नॉकआउट गेम नहीं हारा था। लेकिन कल यह बात टूट गई। तो यह एक नया दौर है, एक नई टीम है। तो, हां, मुझे लगता है कि इंडिया को वानखेड़े में सेमीफाइनल का सबसे अच्छा अनुभव नहीं मिला है। लेकिन मुझे विश्वास है कि उनमें आगे बढ़ने की काबिलियत है कि गावस्कर ने चैंप्स फाउंडेशन के बारे में अवेयरनेस फैलाने के लिए डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ इवेंट से पहले कुछ खास मीडिया से बात. चीत के दौरान कहा। मुंबई में 6 मार्च को होने वाले इस इवेंट में कई क्रिकेटर और कमेंटेटर हिस्सा लेंगे। गावस्कर ने अभिषेक शर्मा को भी एक सलाह दी, जो वर्ल्ड कप में स्ट्रगल कर रहे हैं। उन्होंने कहा,ष्मेरी सलाह यह होगी कि हमेशा चौथे गियर में बैटिग करने की कोशिश न करें। शायद, आप जानते हैं, जैसे-जैसे आप सेट होते जाएं, गियर बढ़ाने की कोशिश करें। हां, आप पावरप्ले का फायदा उठाना चाहते हैं, जहां 30-मीटर सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर होते हैं। आप निश्चित रूप से इसका फायदा उठाना चाहते हैं। अपनी ताकत के हिंसाब से खेलें। लेकिन हमेशा चौथे गियर में बैटिग करने की कोशिश न करें। इंडियन टीम ने स्पिन के सामने कभी-कभार ही कमजोरी दिखाई है, लेकिन क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। स्पिन के सामने अपनी कमजोरी के बारे में उन्होंने कहा कि नहीं, सच में नहीं। मुझे लगता है कि गेम का यह फॉर्मेट वह है जहां आप अपनी रफ्तार बढ़ाने की कोशिश करते हैं। और जब स्पिनर आते हैं, तो आप ज्यादातर बाउंड्री के बजाय ज्यादा से ज्यादा मैक्सिमम रन बनाने की सोचते हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 4 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाए रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोंपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिए बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिए एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिए भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिए बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

## सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली



इजरायल और अमेरिका के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने की घटना एक निंदनीय कृत्य है, इस मुद्दे पर मोदी सरकार की चुप्पी हैरानी में डालने वाली है, सरकार का यह मौन तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है, जिससे भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं, भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से संप्रभु समानता, अहस्तक्षेप और शांतिपूर्ण समाधान जैसे सिद्धांतों पर आधारित रही है। चुप्पी इन सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होती है, सरकार ने न तो इस हत्या की स्पष्ट निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर ठोस प्रतिक्रिया दी।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# प्राइवेट हॉस्पिटलः खर्चा और उससे जुड़े रोगियों के अधिकार

भारत की बड़ी आबादी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर है। देश में 60 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सम्बंधी खर्च रोगियों को खुद वहन करना पड़ता है, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधिनियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को नियंत्रित करने का ढांचा प्रदान करते हैं, लेकिन यह अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है। 102 डॉक्टरों, स्वास्थ्य पेशेवरों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भारत में निजी स्वास्थ्य सेवाओं की लागत को नियंत्रित करने और रोगियों के अधिकारों को लागू करने की मांग की है। फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ द्वारा समर्थित विशेषज्ञों की इस अपील में स्वास्थ्य सेवाओं की उचित, पारदर्शी और मानकीकृत दरें तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है ताकि रोगियों पर आर्थिक बोझ कम किया जा सके। यह अपील जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका का समर्थन करती है, जिसमें केंद्र सरकार से 2012 के चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम के नियम 9 के तहत निजी स्वास्थ्य सेवाओं की दरों को विनियमित करने की मांग की गई है। इस कानूनी बहस में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मौजूदा नियमों को लागू करने की मांग की है, जिसका व्यावसायिक निजी स्वास्थ्य सेवा समूहों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। कार्रवाई के इस आह्वान से एक कड़वी सच्चाई सामने आती है। सरकारी स्वास्थ्य ढांचे की कमी के कारण देश की बड़ी आबादी को निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर होना पड़ता है। निजी अस्पतालों में अत्यधिक और मनमाने शुल्क के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं और गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। इस अपील पर हस्ताक्षर करने वाले लोग भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न तबकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनमें प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के डॉक्टर, छोटे निजी क्लीनिक, बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल, चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं में युवा पेशेवर, मध्यम अनुभव वाले विशेषज्ञ और दशकों के अनुभव वाले वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं। यह सामूहिक आवाज दर्शाती है कि भारत के निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानताओं और विनियमन की कमी को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

**दरों का मानकीकरण**

चिकित्सा प्रतिष्ठान (पंजीयन और विनियमन) अधिनियम, 2010 और इसके तहत 2012 में बने नियम निजी स्वास्थ्य सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करते हैं, लेकिन, दरों के मानकीकरण, न्यूनतम मानकों और पारदर्शिता जैसे प्रमुख पहलू अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाए हैं। यह स्थिति निजी अस्पतालों में अधिक शुल्क वसूलने की व्यापक प्रवृत्ति के बावजूद है, जो कोविड महामारी के दौरान उजागर हुई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दरों का मानकीकरण तकनीकी रूप से संभव है और इसे पहले ही सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम CGHS और आयुष्मान भारत.प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं में सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। मसलन, CGHS देशभर में 1850 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए समान दरें तय करता है, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी लाभान्वित होते हैं। इसी तरह, आयुष्मान भारत के तहत 28,000 से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जो लगभग 2000 प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरों पर इलाज करते हैं। इन योजनाओं और जापान जैसे देशों की समान दर व्यवस्था से प्रेरणा लेते हुए, विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा ढांचा न सिर्फ संभव है बल्कि मनमाने और अत्यधिक शुल्क से मरीजों को बचाने के लिए आवश्यक भी है।



**अनैतिक प्रथाएं और असमानता**

इस अपील में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त अनैतिक प्रथाओं, जैसे अधिक शुल्क वसूली, रेफरल के लिए कमीशन और मनमानी बिलिंग की समस्याओं को उजागर किया गया है। ये प्रथाएं रोगियों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं और ईमानदार चिकित्सकों के प्रयासों को कमजोर करती हैं। दरों के मानकीकरण से इन समस्याओं को दूर करके एक अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इससे ईमानदार निजी चिकित्सकों को बराबरी से प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा और रोगियों पर वित्तीय बोझ भी कम होगा। मुख्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए उचित दर सुनिश्चित करके, इस क्षेत्र में अत्यधिक मुनाफाखोरी को रोका जा सकता है और रोगियों और चिकित्सकों के बीच विश्वास को मजबूत किया जा सकता है।

**आगे का रास्ता**

फोरम फॉर इक्विटी इन हेल्थ और अन्य हस्ताक्षरकर्ता निम्नलिखित उपायों का सुझाव देते हैं-

1. रोगियों के अधिकारों का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन और क्रियांवयन- सभी चिकित्सा संस्थानों में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रोगियों के अधिकारों का चार्टर स्थानीय भाषाओं में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
2. पारदर्शी मूल्य निर्धारण- स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रमुख प्रक्रियाओं के लिए दरें अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए, ताकि रोगियों को सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिल सके।
3. मुख्य प्रक्रियाओं की मानकीकृत लागत- प्रमुख चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए निश्चित दरें होनी चाहिए, ताकि अत्यधिक शुल्क वसूली को रोका जा सके। सुविधाओं या विशेष आवश्यकताओं के लिए लचीलापन रखा जा सकता है।
4. शिकायत निवारण प्रणाली- रोगियों की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए।
5. छोटे और गैर-मुनाफा संस्थानों का समर्थन- मानकीकरण प्रक्रिया को छोटे क्लीनिक्स, चैरिटेबल अस्पतालों और गैर-मुनाफा संगठनों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। देश भर के हस्ताक्षरकर्ताओं ने फिर से यह जाहिर किया है कि स्वास्थ्य सेवा को एक सामाजिक कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि मुनाफा कमाने की वस्तु के रूप में। वे एक मजबूत सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं जिसे निजी क्षेत्र पर प्रभावी नियम लागू करके बल मिले। यह अपील इस बात पर भी जोर देती है कि स्वास्थ्य का संवैधानिक अधिकार तभी पूरा हो सकता है, जब निरंकुश निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं द्वारा उत्पन्न वित्तीय असमानताओं को हल किया जाए।

इस अपील का संदेश स्पष्ट है। स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है, न कि कोई विशेषाधिकार। इसे साकार करने के लिए नीति निर्माताओं, न्यायपालिका, और समाज को निजी स्वास्थ्य सेवा लागतों को नियंत्रित करने, रोगियों के अधिकार चार्टर को लागू करने और सरकारी स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। अपील में यह भी कहा गया है समय आ गया है कि हम सरकारी स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करें, निजी स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं को नियंत्रित करें और सुनिश्चित करें कि हर भारतीय को किफायती, समान और नैतिक चिकित्सा सेवा प्राप्त हो। मानकीकृत दरों को लागू करके और मरीजों के अधिकारों की रक्षा करके ही देश एक न्यायपूर्ण, समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की ओर बढ़ सकता है।

**-साभार जी.एस. स्रो.फी.**

# वैज्ञानिकों पर आंख बंद कर भरोसा करने का सच!

**साठ प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?**

एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 28 देशों के 32,000 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों सम्बंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमशः 47 प्रतिशत और 45 प्रतिशत ही भरोसा जताया है। हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है। विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह



उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं? कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है।

हालिया समय में दुनियाभर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्वविद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है। यूके एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट में डैटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकताविदों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर लोग नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं।

यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी। ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# शादी से इतना डर क्यों, क्या वाकई कुछ कारण डर की वजह हैं!

जब मैं शादी शब्द सुनती हूं तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगता है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे शादी करने से डर लगता है, और मैं जानती हूं कि मैं अकेली नहीं हूं। मेरे आस-पास के कई लोग भी ऐसा ही महसूस करते हैं। हैरानी की बात है कि आजकल यह डर काफी आम हो गया है। शादी एक बहुत बड़ा कदम है, इसलिए इसके बारे में घबराहट होना सामान्य है। लेकिन क्यों? शादी के बारे में सोचते ही हमारा दिल क्यों तेजी से धड़कने लगता है? इस हिचकिचाहट के पीछे कई कारण हैं और हम उन्हें आपके साथ साझा करने के लिए यहां हैं। इंस्टाग्राम पर थेरेपी विद शौर्य पेज से जुड़ी मनोवैज्ञानिक बनिता सिंह ने कहा कि स्थिरता और व्यक्तिगत विकास की तलाश कर रहे लोगों को शादी डरावनी लग सकती है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोग खुद को खोने, हमेशा के लिए साथ रहने के दबाव या उम्मीद से ज्यादा समझौता करने से डरते हैं। सिंह ने इन मानसिक कारकों के बारे में विस्तार से बात की जो शादी को डरावना बनाते हैं।

**खुद को खोने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि आजकल लोगों को अपनी आजादी और निजी समय पसंद है। अपनी दिनचर्या, शौक या विचित्रताओं को किसी और के साथ मिलाने का विचार लोगों को ऐसा महसूस कराता है जैसे वे खुद को छोड़ रहे हैं।

**हमेशा के लिए वाला फैक्टर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को हमेशा के लिए शब्द प्यार के वादे से ज्यादा उम्रकैद की सजा जैसा लगता है। क्या होगा अगर आप लंबे समय तक खुश नहीं हैं? खुद को किसी फैसले से बांधने का विचार भारी लग सकता है।

**बहुत ज्यादा समझौता करने का डर**

विशेषज्ञ ने कहा कि लोगों को डर है कि शादी के बाद उन्हें जरूरत से ज्यादा समझौता करना पड़ सकता है। विशेषज्ञ ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए हमेशा एडजस्ट करने वाले व्यक्ति होने का डर अनुचित और डरावना लग सकता है।

**एक्सपर्ट ने शादी के लिए उत्सुक होने का कारण भी बताया**

बनिता सिंह ने बताया कि शादी त्याग के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा साथी खोजने के बारे में है जो आपके सपनों का समर्थन करता है, आपका सर्वश्रेष्ठ सामने लाता है, और जीवन के उतार-चढ़ाव में आपका साथ देता है। उन्होंने कहा कि प्यार, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित, शादी एक खूबसूरत यात्रा बन सकती है, जहां दोनों साथी एक साथ मजबूत होते हैं।

**छोटी-छोटी बातों में छिपा है एक खुशहाल रिश्ते का राज**

हर कपल एक भावुक और अंतरंग रिश्ता बनाने का सपना देखता है। लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक सपना ही रह जाता है, न ज्यादा, न कम। हो सकता है कि आप इस सपने को हकीकत में बदलने की पूरी कोशिश कर रहे हों। आप बहुत प्रयास कर रहे हों, अपनी पूरी ऊर्जा लगा रहे हों, फिर भी परिणाम निराशाजनक हों।

ऐसा क्यों होता है? विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या यह है कि लोग अक्सर बडे इशारों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और उन छोटी चीजों को भूल जाते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ लोग अपने साथी को प्रभावित करने और रोमांटिक मूड बनाने के लिए महंगे उपहारों पर बहुत पैसा खर्च करते हैं। जबकि उपहार अच्छे होते हैं, वे अंतरंगता बनाने का एकमात्र तरीका नहीं हैं। बहुत से लोग यह नहीं समझते हैं कि अंतरंगता सरल क्षणों से बढती है, साथ बैठना, खुलकर बात करना, वास्तव में सुनना और स्पर्श के माध्यम से स्नेह दिखाना। जुडाव के ए छोटे-छोटे कार्य इच्छा को जगा सकते हैं और आपको किसी भी बडे इशारे से कहीं ज्यादा अपने साथी के करीब ला सकते हैं।


**एक्सपर्ट ने क्या कहा?**

मैरिज कोच अमांडा ट्विग्स जोन्स इस बात पर जोर दिया कि बडे झगडे आमतौर पर रिश्ते में अंतरंगता को नष्ट नहीं करते हैं। इसके बजाय, यह छोटे, रोजमर्रा के पल होते हैं जो धीरे-धीरे एक जोडे को अलग कर सकते हैं।

उन्होंने इसे समझाने के लिए एक उदाहरण दिया- कल्पना करें कि आप अपने साथी से जुडने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे अपने फोन पर स्क्रॉल करने में इतने व्यस्त हैं कि आप पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। या, जब आप कोई महत्वपूर्ण बात साझा कर रहे होते हैं, तो वे आपसे वास्तव में जुडने के बजाय एक साधारण ष्हम्मष कहकर जवाब देते हैं। ए छोटी-छोटी हरकतें, जब समय के साथ दोहराई जाती हैं, तो भावनात्मक दूरी पैदा कर सकती हैं और आपको अनसुना और महत्वहीन महसूस करा सकती हैं। यह बडी बहस नहीं है, बल्कि अलगाव के ए छोटे, अनदेखे पल हैं जो रिश्ते को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**छोटे-छोटे पलों से अपने रिश्ते को बदलें**

विशेषज्ञ ने जोड़ों को सलाह दी कि वे अपना ध्यान भव्य रोमांटिक इशारों से हटाकर छोटे-छोटे, रोजमर्रा के पलों पर लगाएं। ऐसा करके, जोड़े सांसारिक चीजों को शानदार बना सकते हैं और एक गहरे, ज्यादा सार्थक संबंध को बढावा दे सकते हैं। तो, आप छोटे-छोटे पलों की शक्ति का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं? विशेषज्ञ ने सुझाव दिया कि पल में मौजूद रहें, फोन जैसी चीजों को दूर रखें और अपने साथी पर



ध्यान केंद्रित करें। अपने साथी को दिखाएं कि आप उनके विचारों, भावनाओं और अनुभवों में रुचि रखते हैं और उनमें दिलचस्पी रखते हैं। आंख से आंख मिलाएं, सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज का इस्तेमाल करें और अपने साथी के जीवन के लिए उत्साह दिखाएं।

**अपने रिश्ते को हमेशा के लिए बदल दें**

एक्सपर्ट ने बताया कि जो जोडे अपने रिश्तों को बदलते हैं, वे समझते हैं कि हर छोटा-सा पल मायने रखता है। वे पहचानते हैं कि हर क्षणभंगुर बातचीत उनके संबंध को बनाने या तोडने का एक मौका है, और इन पलों का संचय पूरे रिश्ते को आकार देता है।

इसके अलावा, वे स्वीकार करते हैं कि इन पलों पर उनके साथी की प्रतिक्रिया का गहरा प्रभाव पडता है, या तो उनके बंधन को मजबूत करता है या उन्हें अलग कर देता है। सबसे महत्वपूर्ण बात, वे समझते हैं कि एक-दूसरे की जरूरतों को सुनना और पूरा करना गैर-परक्राम्य है, यह एक दो-तरफा रास्ता है जिसके लिए दोनों भागीदारों से प्रयास, सहानुभूति और प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है।

# सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं





































